RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 187 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 27 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# एमएसएमई इकाईयां 'आत्मनिर्भर' भारत का आधार : मुख्यमंत्री

## पिछली सरकारें जातीय संघर्ष कराती थीं





**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'यूथ अड्डा' और 'सीएम युवा' एप का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कई युवाओं को सम्मानित भी किया।

इसके पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि एमएसएमई इकाईयां 'आत्मनिर्भर' भारत का आधार हैं।

अपने अथक परिश्रम से प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रहे सभी उद्यमियों को एमएसएमई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार उद्यम एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए सतत क्रियाशील है।

अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर UPITS के तृतीय संस्करण की कर्टेन रेजर सेरेमनी के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने एमएसएमई इकाईयों को बधाई दी और कहा कि आज उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के लिए कई अवसर हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। इसके पीछे मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और सबका साथ और सबका विकास की नीति को लेकर चलना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले एक जनपद और एक माफिया होता था लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर को बदला है। आज उत्तर प्रदेश के हर एक जनपद का एक प्रोडक्ट अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में 80 से 85 करोड़ रूपये का एक्सपोर्ट होता था, लेकिन अब यह 2 लाख करोड़ से ज्यादा का हो गया है। 2017 से पहले प्रदेश के प्रति व्यक्ति आय 46000 करोड़ थी जो अब 1.20 लाख करोड़ हो गयी है। उत्तर प्रदेश की जीडीपी भी (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सिक्योरिटी गार्ड व मेंटेनेंस स्टाफ की गुंडागर्दी

## इको विलेज-1 सोसाइटी वासियों को लाठी-डंडों से पीटा







**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इको विलेज-1 सोसाइटी में मेंटेनेंस टीम के सदस्य व सिक्योरिटी गार्ड्स ने जमकर हंगामा किया। बिजली न आने की शिकायत लेकर पहुंचे सोसायटीवासियों के साथ मेंटेनेंस स्टाफ, गार्ड्स ने जमकर मारपीट की। इस दौरान कई लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद थाना बिसरख पुलिस हरकत में आ गई और चार आरोपियों को दबोच लिया। गार्डों ने लाठी-डंडों से सोसायटीवासियों पर हमला किया।

जानकारी के मुताबिक इको विलेज-1 सोसाइटी के निवासी बिजली ना आने की शिकायत लेकर मेंटेनेंस ऑफिस पहुंचे थे यहां किसी बात को लेकर उनका मेंटेनेंस कर्मचारियों से (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ट्रक ने ली युवक की जान, शव रखकर परिजनों का हंगामा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी रोड स्थित अंबुजा सीमेंट कंपनी के पास आज सुबह एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रदीप (25) पुत्र देवी सहाय निवासी सीधीपुर गांव थाना बादलपुर के रूप में हुई है। वह वीवो कंपनी में कार्यरत था और रोज की तरह ड्यूटी पर जा रहा था।

सड़क हादसे में युवक की मौत होने के बाद घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। वह मुआवजे और ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिससे यातायात प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाने और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए। इसके बाद यातायात सुचारू कराया गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और ट्रक चालक की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि थाना बादलपुर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार बाइक सवार युवक ने हेलमेट पहन रखा था। लेकिन टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# वकील का मोबाइल छीनने वाला मुठभेड़ में घायल



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर स्नैचर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से स्नैचर घायल हो गया। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस व बिना नंबर की स्कूटी बरामद हुई है।

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा व उनकी टीम एफ एन जी रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की स्कूटी पर आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मुड़कर भागने लगा संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसका पीछा कर रोकने का प्रयास किया लेकिन उसने फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी का फायरिंग में एक गोली स्कूटी सवार के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को दबोच लिया उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। इसके पास से अलग-अलग स्थान से छीने गए 6 मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश की पहचान फर्ज पुत्र मोहम्मद असलम निवासी खाई खेड़ा जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई। पकड़े गए फर्ज ने बताया कि वह स्कूटी पर सवार होकर राहगीरों तथा वाहनों का इंतजार कर रहे लोगों से मोबाइल फोन छीनने की घटनाओं को अंजाम देता था। उसने नोएडा के विभिन्न थानों में 13 मुकदमे पंजीकृत हैं। कुछ दिन पहले उसने एक वकील का मोबाइल भी छीना था।

# काम पर गया मकान मालिक चोरों ने तोड़ा ताला



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 में चोरों ने एक मकान से लाखों रुपए के जेवरात व 2 लाख रुपए की नगदी चोरी कर ली। शाम को घर वापस आने पर गृह स्वामी को चोरी की घटना का पता चला।

सेक्टर 12 एन ब्लॉक में रहने वाले आजाद अंसारी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 25 जून को अपने घर से काम के लिए निकल गया था। देर रात घर लौटा तो उसका दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था घर के भीतर जाने पर अलमारी का भी ताला टूटा हुआ मिला। चोर अलमारी में रखे लाखों रुपए के आभूषण, 200000 नगदी व अन्य सामान को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-24 पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि चोरों की तलाश की जा रही है।

# पेंट की कंपनी में लगी भीषण आग धमाकों से मच गई अफरातफरी



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब सेक्टर-2 स्थित श्याम पेंट्स इंडस्टीज में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए आसपास के जनपदों से भी फायर टेंडर बुलवाने पड़े। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि आज सुबह करीब 5.45 बजे (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा में भी स्थापित होंगे अत्याधुनिक विद्युत सबस्टेशन : संजय खत्री

## अगले वर्ष तक 12 सब-स्टेशन हो जाएंगे चालू : आरपी सिंह





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण भी अब मुंबई व विदेशों की तर्ज पर कम क्षेत्रफल में अत्याधुनिक विद्युत उपकेन्द्र बनाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) संजय खत्री ने बताया कि विद्युत की बढ़ती मांग के सापेक्ष निर्बाध आपूर्ति के लिए प्राधिकरण ने तैयारी कर ली है। अब मुंबई की तर्ज पर विद्युत सब-स्टेशन बनाये जाएंगे। कम क्षेत्रफल में अत्याधुनिक थर्मल पॉवर बनाए जाएंगे। कम जगह पर अब 220 केवी क्षमता के विद्युत सब-स्टेशन बनाने पर भी (शेष पृष्ठ-4 पर)

# आज 'मासी बाड़ी' जाएंगे भगवान जगन्नाथ, बलराम व सुभद्रा

## 4 बजे सेक्टर-121 से शुरू होगी रथयात्रा, देर शाम सेक्टर-71 पहुंचेगी



**नोएडा (चेतना मंच)।** आज भगवान जगन्नाथ, बलराम तथा माता सुभद्रा अपनी मासी बाड़ी यानी मौसी के घर चले जाएंगे। वे यहां एक सप्ताह तक रहेंगे तथा 5 जुलाई को वापस अपने मंदिर में आकर विराजमान होंगे।

जगन्नाथ मंदिर समिति के पदाधिकारी प्रमोद भल ने बताया कि आज सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर में सुबह पूजा पाठ होगी तथा इसके बाद महा आरती होगी। तत्पश्चात रथ पूजन, प्रांडी यात्रा तथा चेरा पोहरा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद 4 बजे सेक्टर-121 से रथ यात्रा शुरू होगी।

इस रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ प्रभु बलराम तथा माता सुभद्रा सवार होंगे। हजारों लोग रथ को पैदल खींचकर सेक्टर-71 स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर ले जाएंगे। इस मौके पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह तथा सैकड़ों गणमान्य लोग व शहरवासी रथ यात्रा में शामिल होंगे। बतादें कि सेक्टर-71 स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर एक सप्ताह रहेंगे। इसके बाद 5 जुलाई को वापस अपने मंदिर आएंगे।

# पानी के झगड़े में युवक को चाकू मारा

**नोएडा (चेतना मंच)।** पानी भरने के को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी ने एक युवक को चाकू से हमला बोल दिया। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के रिश्तेदार में थाना फेस वन में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 9 की जेजे कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद इम्तियाज़ पुत्र मोहम्मद जुम्मन का पानी भरने को लेकर अपने पड़ोसी नीरज से वाद विवाद हो गया वाद विवाद इतना बड़ा की नीरज ने मोहम्मद इम्तियाज पर चाकू से हमला कर दिया। नीरज ने उस पर चाकू से कई बार कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में मोहम्मद इम्तियाज को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में घायल के साले वसीम ने आरोपी नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# गणेश जाटव बने उप्र सहकारी उपभोक्ता संघ के डायरेक्टर



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिला महामंत्री गणेश जाटव को उत्तर प्रदेश सहकारी उपभोक्ता संघ का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राज्यपाल के अनुमोदन से की गई है। 15 सदस्य कमेटी में एक पद अध्यक्ष, एक पद उपाध्यक्ष और तेरह पद डायरेक्टर (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गांजा विक्रेता पुलिस की गिरफ्त में

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो गांजा विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से गांजा बरामद हुआ है।

थाना फेस-2 प्रभारी विंध्याचल तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम दादरी मेन रोड मंगल बाजार में गश्त कर रही थी। इस दौरान भंगेल की तरफ से सेक्टर 82 सब्जी मंडी की तरफ आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर सकपका गया और तेज कदमों से जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास (शेष पृष्ठ-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# अंतरिक्ष यात्रा

अमेरिका के एक्सियम-4 मिशन में तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिये भारतीय शुभांशु शुक्ला का रवाना होना, निश्चय ही भारत के लिए अंतरिक्ष में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह गर्व की बात है कि स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के अंतरिक्ष में कदम रखने के 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में पहुंचा है। दरअसल, ह्यूस्टन स्थित एक्सियम स्पेस नामक अमेरिकी कंपनी ने यह मिशन नासा व स्पेस एक्स के साथ मिलकर शुरू किया है। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ पौलेंड, हंगरी व अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री भी हैं। यूं तो अंतरिक्ष यात्रियों में कल्पना चावला व सुनीता विलियम्स का नाम लिया जाता है, लेकिन वे भारतीय मूल की थीं, भारतीय नहीं। दरअसल, एक्सियम-4 का सफल प्रक्षेपण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे भारत के महत्वाकांक्षी मानव मिशन गगनयान की पहली सीढ़ी माना जा रहा है। इस मिशन के अनुभवों से गगनयान अभियान की सफलता में मदद मिलेगी। दरअसल, गगनयान भारत का पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2027 में अंतरिक्ष मिशन पर भेजा जाना है। एक्सियम-4 मिशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए समझौते ने गति दी थी। जिसके चलते हम चार दशक बाद किसी दूसरे भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने में सफल हो सके। कई तकनीकी कारणों से इस उड़ान में विलंब हुआ, लेकिन अंततः अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण संभव हुआ। दरअसल, गगनयान के अलावा इसरो भारत के कई महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों पर तेजी से काम कर रहा है। इसमें वर्ष 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और किसी भारतीय को चांद पर भेजना शामिल है। एक्सियम-4 मिशन को इन्हीं महत्वाकांक्षी अभियानों की आधारशिला बताया जा रहा है। एक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को जो अनुभव मिलेंगे, उसका लाभ हमारे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों को कामयाब बनाने में मिलेगा, क्योंकि इसरो को अभी तक अंतरिक्ष में मानव मिशन का अनुभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 में भारतीय वायुसेना के अधिकारी राकेश शर्मा ने तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग आठ दिन बिताए थे। अब इस कड़ी में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का नाम भी जुड़ गया है। जिनका अनुभव निकट भविष्य में होने वाले अंतरिक्ष मिशनों में मददगार साबित होगा। निस्संदेह, पिछले एक दशक में भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। चंद्रयान और मंगलयान अभियान की सफलता ने इसरो की क्षमताओं को प्रदर्शित किया है। मोदी सरकार का आत्मनिर्भरता पर जोर स्वदेशी तकनीक और लागत प्रभावी समाधानों के जरिये रहा है। भारत की कोशिश है कि मानवयुक्त उड़ानों के लिये उसे अमेरिका व रूस पर निर्भर न रहना पड़े। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें चीन हमसे आगे है। भारत का महत्वाकांक्षी गगनयान अभियान इसी दिशा में इसरो की पहल है, ताकि भारत भी रूस, अमेरिका व चीन के समकक्ष वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभर सके। इसी कड़ी में भारत 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की भी महत्वाकांक्षा रखता है। ये असंभव नहीं है, लेकिन अभी हमें इस दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। दरअसल, एक्सियम-4 मिशन इसरो के लिये अनुसंधान के दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण है। आईएसएस पर वैज्ञानिक अध्ययन व अनुसंधान की गतिविधियों में दुनिया के लगभग तीस देश शामिल होंगे। निस्संदेह, भारत को इस स्थिति का पूरा लाभ उठाना चाहिए। ताकि भविष्य में स्वदेशी मिशनों में ये अनुभव लाभदायक साबित हो सके। उल्लेखनीय है कि शुभांशु शुक्ला समेत एक्सियम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे किस तरह उगते हैं, पर भी अध्ययन करेगी। साथ ही यह जानने की कोशिश होगी कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण शून्य होने पर पौधे कैसे उगते हैं। साथ ही इन पौधों में धरती के पौधों से इतर कई विशेषताएं होंगी। दरअसल, इस मिशन के दौरान साठ से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किये जाने हैं। भारत के वैज्ञानिकों ने सात प्रयोगों का सुझाव दिया है। भारत पहली बार एस्ट्रो-बायोलॉजी के प्रयोग करेगा। जिसमें इसरो व नासा की भी भागीदारी होगी।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि फिर उसने मेघनाद को बुलवाया और सिखा-पढ़ाकर उसके बल और देवताओं के प्रति बैरभाव को उत्तेजना दी। ( फिर कहा- ) हे पुत्र ! जो देवता रण में धीर और बलवान हैं और जिन्हें लड़ने का अभिमान है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तिन्हहि जीति रन आनेसु बाँधी। उठि सुत पितु अनुसासन काँधी॥**
**एहि बिधि सबही अग्या दीन्हीं। आपुनु चलेउ गदा कर लीन्ही॥**

उन्हें युद्ध में जीतकर बाँध लाना। बेटे ने उठकर पिता की आज्ञा को शिरोधार्य किया। इसी तरह उसने सबको आज्ञा दी और आप भी हाथ में गदा लेकर चल दिया॥

**चलत दसानन डोलति अवनी। गर्जत गर्भ स्त्रवहिं सुर रवनी॥**
**रावन आवत सुनेउ सकोहा। देवन्ह तके मेरु गिरि खोहा॥**

रावण के चलने से पृथ्वी डगमगाने लगी और उसकी गर्जना से देवरमणियों के गर्भ गिरने लगे। रावण को क्रोध सहित आते हुए सुनकर देवताओं ने सुमेरु पर्वत की गुफाएँ तकीं ( भागकर सुमेरु की गुफाओं का आश्रय लिया )॥

**दिगपालन्ह के लोक सुहाए। सूने सकल दसानन पाए॥**
**पुनि पुनि सिंघनाद करि भारी। देइ देवतन्ह गारि पचारी॥**

दिक्पालों के सारे सुंदर लोकों को रावण ने सूना पाया। वह बार-बार भारी सिंहगर्जना करके देवताओं को ललकार-ललकारकर गालियाँ देता था॥

**( क्रमशः... )**

# विधानसभा उपचुनाव के मिले परिणामों के सियासी मायने

बिहार विधान सभा चुनावों से ठीक पहले देश के चार प्रमुख राज्यों- पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल व केरल के 5 सीटों पर हुए उपचुनाव के आए परिणामों में जहां आप व टीएमसी को खुशी मिली है, वहीं कांग्रेस-भाजपा को सुकून के साथ साथ रणनीतिक झटका भी लगा है, लेकिन माकपा को करारी मात मिली है। उपचुनाव परिणाम इस बात की चुगली करते हैं कि जहां आप को उम्मीदों के विपरीत पंजाब और गुजरात में एक-एक सीट पर जबर्दस्त पुनः वापसी जीत मिली है, वहीं केरल में कांग्रेस को एक सीट नई मिलने से वहां उसकी स्थिति मजबूत हुई है।

इधर, पश्चिम बंगाल में टीएमसी को भी एक जीती हुई सीट पुनः मिलने से जहां उसका सियासी दबदबा बरकरार है, वहीं गुजरात में बीजेपी को महज एक सीट पर जीत मिली, जो उसकी जीती हुई सीट है। लेकिन केंद्र व राज्य में भाजपा की सत्ता होने के बावजूद वह यहां की दूसरी सीट आप से झटक नहीं सकी, जिससे उसका कब्जा बरकरार रहा है। इससे साफ है कि गुजरात में कांग्रेस की जगह आप भी भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी बन सकती है।

देखा जाए तो केरल के नीलांबुर सीट को छोड़कर अन्य तीन राज्यों में कोई भी पार्टी एक-दूसरे से सीट नहीं छीन सकी है। कहने का तातपर्य यह कि जिसका पहले विधायक था, उसी के प्रत्याशी जीते हैं। गौरतलब है कि इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। पंजाब के लुधियाना वेस्ट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने तमाम समीकरणों को दरकिनार करते हुए 10,637 वोटों से जीत दर्ज की है। वहीं, केरल में कांग्रेस ने लेफ्ट से नीलांबुर सीट छीन ली, जो उसके बढ़ते वर्चस्व का तकाजा है।

वहीं, पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट से तृणमूल कांग्रेस की अलिफा अहमद ने कब्जा किया है। वहीं, बीजेपी के खाते में गुजरात की कडी सीट आई। जहां से पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र कुमार चावड़ा उर्फ राजूभाई जीत गए। हालांकि, सूबाई सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा राज्य की दूसरी सीट विसावदर को नहीं हथिया पाई। क्योंकि यहां पर आप के गोपाल इटालिया ने कब्जा किया। इसप्रकार इस उपचुनाव में जहां आप का स्कोर दो रहा, वहीं बीजेपी, कांग्रेस और टीएमसी का स्कोर एक-एक रहा। यह आप के लिए सुकून की बात है, जिसका सियासी ग्राफ दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से गिरता जा रहा है।

वहीं, केरल में कांग्रेस की उम्मीद बढ़ने से सीपीएम को झटका लगा है। यह ठीक है कि कांग्रेस पंजाब और गुजरात के एक-एक सीट पर दूसरे स्थान पर रही, जबकि बीजेपी पश्चिम बंगाल और गुजरात की विसावदर में दूसरे स्थान पर रही। वहीं, केरल में नीलांबुर सीट गंवाने वाली सीपीएम भी दूसरे स्थान पर यानी रनर अप रही। लिहाजा इस उपचुनाव के नतीजों ने जहां कांग्रेस को गुजरात में झटका दिया, वहीं केरल और पंजाब में कुछ उम्मीद लेकर आई है। बता दें कि केरल के नीलांबुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने सीपीएम के एम स्वराज को लगभग 10,000 वोटों से हराया। यह क्षेत्र उसी वायनाड लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां से प्रियंका गांधी सांसद हैं। लिहाजा उनके लिए भी यह सुकून की बात है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने इस उपचुनाव को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नौ साल के शासन के खिलाफ जनादेश के रूप में पेश किया था। चूंकि साल 2026 में केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह रिजल्ट सीएम पिनाराई विजयन के लिए खतरे की घंटी की तरह है।



**आपको पता होगा कि अगले साल पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होंगे। लिहाजा इससे पहले हुए इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने राहत की सांस ली है। क्योंकि आप ने पंजाब और गुजरात में पिछले चुनाव में जीती गई दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखने में कामयाबी पाई है।**

आपको पता होगा कि अगले साल पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होंगे। लिहाजा इससे पहले हुए इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने राहत की सांस ली है। क्योंकि आप ने पंजाब और गुजरात में पिछले चुनाव में जीती गई दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखने में कामयाबी पाई है। जबकि उपचुनाव से पहले लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट को विपक्ष ने आप के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। लेकिन कड़े मुकाबले में आप के संजीव अरोड़ा कांग्रेस के भारतभूषण आशु को हराया। हालांकि आप की इस जीत में बीजेपी का योगदान रहा, जिसके उम्मीदवार जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले।

वहीं, इस जीत के बाद अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया है, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद से गायब थे। हालांकि उन्होंने घोषणा की है कि वो राज्यसभा नहीं जाएंगे। इसलिए समझा जा रहा है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को वह राज्यसभा भेज सकते हैं। जैसा कि केजरीवाल ने कहा है कि इस बात का अंतिम फैसला पीएसी ही करेगी।

वहीं, पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट तृणमूल कांग्रेस के खाते में गई है, जहां पर बीजेपी के आशीष घोष टीएमसी कैंडिडेट अलीफा अहमद से करीब 50 हजार वोटों से हार गए। इस सीट पर कांग्रेस ने मुस्लिम कैंडिडेट कबीलुद्दीन शेख को उतारा था, लेकिन उन्हें 28251 वोट मिले और वह तीसरे पायदान पर रहे। इससे साफ है कि इस चुनाव में भी मुस्लिम वोटरों ने टीएमसी को लिए वोट किया। लिहाजा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस रिजल्ट को वोटिंग पैटर्न का ट्रेलर माना जा रहा है। जानकार बताते हैं कि यदि यह पैटर्न दोहराया गया तो मुस्लिम वोट टीएमसी के खाते में रहेगी और चुनाव में उसका मुख्य मुकाबला बीजेपी से होगा। इसप्रकार से बंगाल में कमजोर हो रही कांग्रेस के लिए यह परिणाम खतरे की घंटी है।

वहीं, गुजरात में बीजेपी ने एक सीट जीती, जबकि दूसरे पर दूसरे स्थान पर यानी रनर अप रही। यहां आप विधायक गोपाल इटालिया की जीत से बीजेपी की टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि वह राज्य में पार्टी के प्रभारी हैं। यह जीत आम आदमी पार्टी के कैडर का हौसला भी बुलंद कर सकती है। इससे साफ है कि गुजरात में नुकसान कांग्रेस को हुआ है, जहां राहुल गांधी नए सिरे से पार्टी को संवारने में जुटे हैं। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ कडी विधानसभा सीट पर मुकाबले में आए, लेकिन 39452 वोटों के भारी अंतर से हार गए। समझा जाता है कि गुटबाजी और नेतृत्व की कमी से जूझ रही कांग्रेस 2026 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को राहत दे सकती है। उल्लेखनीय है कि गुजरात में विसावदर की सीट आप विधायक भूपत भयानी के इस्तीफे से खाली हुई थी, उस पर गोपाल इटालिया ने जीत हासिल की। इस जीत से आप ने साबित कर दिया कि वह गुजरात में कांग्रेस से ज्यादा बेहतर विपक्ष है।

गुजरात की विसावदर सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गोपाल इटालिया ने बीजेपी के उम्मीदवार किरीट पटेल को बड़े अंतर से हराया। चूंकि 2022 के चुनावों में आप ने यह सीट जीती थी। ऐसे में आप के सामने इस सीट को जहां बचाने की चुनौती थी, तो वहीं दिल्ली हार जाने के बाद प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई थी। इससे साफ हो गया कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी ने अच्छा कमबैक किया है।

खास बात यह है कि आप उम्मीदवार गोपाल इटालिया ने कुछ राउंड को छोड़कर पूरे 21 राउंड की मतगणना में ज्यादातर समय बढ़त बनाए रखी। इटालिया ने बीजेपी के कैंडिडेट किरीट पटेल को 17,581 वोटों से शिकस्त दी। स्पष्ट है कि बीजेपी के गढ़ गुजरात में आप की जीत इसलिए बड़ी है क्योंकि आम आदमी पार्टी में दिल्ली की हार के बाद जबरदस्त निराशा थी।वैसे भी उपचुनावों में सत्तारूढ़ दल का पलड़ा भारी माना जाना है, लेकिन आप ने पुख्ता व्यूहरचना से विसावदर में बीजेपी को कमल खिलाने से रोक दिया। जबकि बीजेपी इस सीट पर 2007 से इस सीट पर पुनः जीत के लिए तरस रही है। इस बार के चुनाव में कुल 16 कैंडिडेट मैदान में थे। जिसमें गोपाल इटालिया आप 75,906 वोट पाकर जीत गए, जबकि किरीट पटेल बीजेपी 58325 वोट पाकर दूसरे स्थान पर और नितिन रणपारिया कांग्रेस 5491 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

राजनीतिक टिप्पणीकार बताते हैं कि आम आदमी पार्टी ने गुजरात में भी पंजाब वाल दांव खेला था। चूंकि दिल्ली चुनावों में हार के बाद आप ने विसावदर सीट पर चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही कैंडिडेट का ऐलान कर दिया था। जबकि बीजेपी में यहां कैंडिडेट को लेकर आखिर तक जद्दोजहद जारी रही। इससे आप कैंडिडेट को प्रचार का पूरा मौका मिला और परिणाम भी उनके पक्ष में आया।

वहीं, गुजरात की इस सीट को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने बड़े चेहरे को मैदान में उतारा। पार्टी के प्रदेश प्रभारी गोपाल इटालिया इस क्षेत्र के निवासी नहीं होने के बाद भी पूरी विधानसभा में दो से तीन भ्रमण करके लोगों के बीच अपनी गहरी पैठ बना ली। ऐसे में उन्होंने लोगों को खुद से जोड़ लिया। जबकि बीजेपी सत्ता में होने के बाद भी अंत तक चुनाव प्रचार में पिछड़ी रही। यही वजह है कि गोपाल इटालिया के सामने किरीट पटेल हल्के साबित हुए।

आप के रणनीतिकारों ने बताया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में लोगों ने आप पर भरोसा किया था, लेकिन भूपत भायाणी के बीजेपी में जाने से आप के दावे को झटका लगा था। इसलिए गोपाल इटालिया के नामांकन में पहुंचे अरविंद केजरीवाल को इसका एहसास था, लिहाजा उन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐलान कर दिया कि अगर बीजेपी गोपाल इटालिया को खरीद लेगी तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

चुनाव विश्लेषक के मुताबिक, विसावदर में जब पिछली बार आप जीती थी तो गोपाल इटालिया प्रदेश प्रमुख थे। वह उस चुनाव में सूरत की कतारगाम से लड़े थे, लेकिन इस बार गोपाल इटालिया ने बतौर कैंडिडेट विसावदर पर फोकस किया। बतौर कैंडिडेट जबरदस्त होमवर्क किया और वे तमाम मुद्दे उठाए, जिन पर बीजेपी को घेरा जा सकता था।

सियासी लोग बताते हैं कि पत्रकारिता से राजनीति में आए इसुदान गढ़वी इस चुनाव में पूरी तरह से प्रदेश प्रमुख की भूमिका में रहे। सौराष्ट्र से आने वाले इसुदान गढ़वी ने विसावदर में गोपाल इटालिया को उतारने से पहले वहां सर्वे कराया और पार्टी कार्यकर्ताओं का रुख जाना। इसके बाद उन्होंने उनकी इच्छा के अनुसार फैसला लिया। गढ़वी यह कम्युनिकेट करने में सफल रहे कि लड़ाई आप और बीजेपी की है। यही वजह है कि कांग्रेस कैंडिडेट की जमानत जब्त हो गई।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# बरसात में फिर डूबी नगरपालिका (व्यंग्य)

बरसात का मौसम हर साल देर से ही आता रहा है लेकिन इस बार जल्दी आने के कारण बेचारी नगरपालिका को बरसात के पानी में अग्रिम डूबना पड़ा। उसके डूबने के साथ ही शहर के कई इलाकों को भी डूबना पड़ा। जलदेव के ज्यादा प्रसन्न हो जाने के कारण, शहर के बाज़ारों में तीन फुट पानी खड़ा हो गया। नालियां गुम हो गई कितनी ही दुकानों के अन्दर तक दो फुट पानी पसर गया। बाज़ार वालों ने म्युनिसिपल कमेटी में फोन किया तो कई बार घंटी बजती रही फिर किसी ने उठा ही लिया और बताया कि अधिकांश कर्मचारी वृक्षारोपण में अति अस्तव्यस्त हैं।



अध्यक्ष महाराजाधिराज को फोन किया तो उन्होंने सुना नहीं, पार्षद महाराज ने झट से काट दिया। काफी देर बाद, आधा दर्जन बंदे महाराजाधिराज के दरबार में हाज़िर हुए। उनके कहने से पहले ही अध्यक्ष बोले, वार्षिक वृक्षारोपण के अवसर पर, परम आदरणीय मंत्रीजी के साथ पौधे लगा रहा था पूरे ग्यारह सौ एक पौधे लगाए। आम लोगों ने ख़ास बंदे से गुजारिश की, आप चलकर देखें, ज़्यादा बारिश के कारण बाज़ार में दो फुट पानी खड़ा है। पानी की निकासी नहीं हो रही। अध्यक्ष बोले, सकारात्मक सोचो, जय हो इंद्रदेवजी की, जिन्होंने बारिश का आशीर्वाद दिया। बच्चों से कहो कागज की कश्तियाँ बना कर तैराएं, आपको भी अपना बचपन याद आ जाएगा। आम लोगों ने कहा, महाराज, तीन साल पहले नगरपालिका ने बाज़ार में सीमेंट डलवाया था तब से जब भी बारिश होती है पानी दुकानों में घुस जाता है। महाराजाधिराज ने स्पष्ट कहा, जब फर्श डाला था तब दूसरी पार्टी की सरकार थी, हम भी अध्यक्ष न थे। घबराएं नहीं, हम जांच करवा रहे हैं कि हमारे राज से पहले क्या क्या गलत किया गया है। आपको जानकर खुश होना चाहिए, ज़ोरदार तरीके से विकास दोबारा शुरू हो चुका है और हमने इस मामले को राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत ले लिया है। हम क्षेत्र की साफ सफाई बारे बहुत अच्छे तरीके से बैठकें करने जा रहे हैं जिसमें गहन विचार विमर्श होगा।

आपको पता होना चाहिए, अच्छे काम को बढ़िया तरीके से करने में वक्त लगता है। यह तो ऊपर वाले की ग़लती के कारण ही इस साल बरसात वक्त से पहले आ गई है, नहीं तो आपको ज्यादा दिक्कत नहीं होती। इस कुदरत ने सबको डूबोने का कार्यक्रम बना रखा है लेकिन आप चिंता न करें। हम भी पूरी तरह तैयार हैं, कुछ दिन में सब कुछ सामान्य करवा देंगे, महाराजाधिराज ने कहा।

आम लोगों ने घर पहुंच कर देखा, बच्चे बरसात के पानी में कागज़ की कश्तियां सफलतापूर्वक चला रहे थे, बोले, पापा आप भी बोट चलाओ न।

**-संतोष उत्सुक**

# राशिफल

**आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष द्वितिया** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवन संपन्नता की ओर जाएगा। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी होगी। लग्जरी लाइफ में बढ़ोतरी होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धनार्जन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य पहले से काफी बेहतर है, प्रेम-संतान भी अच्छा व व्यापार भी अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान भी अच्छा व व्यापार भी अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। परिस्थितियां अनुकूल हो जाएंगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
व्यापारिक स्थिति मध्यम। नाक, कान, गला की परेशानी होगी। स्वयं का स्वास्थ्य और अपनों का स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन हानि के संकेत हैं। जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। आर्थिक रिस्क बिल्कुल न लें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
लिखने-पढ़ने के लिए समय बहुत अच्छा है। मानसिक स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। प्रेम-संतान का साथ।

# 10 दिन में उखड़ गई नवनिर्मित सड़क वरिष्ठ प्रबंधक ने झाड़ा पल्ला

## मुख्यमंत्री का आदेश अधिकारियों के ठेंगे पर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर सड़कों को बेहतर और दुरुस्त रखने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश देती है, वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अफसर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नॉलेज पार्क-3 में हाल ही में बनाई गई एक सड़क महज 10 दिनों में ही पूरी तरह उखड़कर गई। यह सड़क वर्क सर्कल-4 के अंतर्गत बनाई गई थी, एक समाजसेवी की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के निर्देश पर इस सड़क का निर्माण करवाया गया था। लेकिन सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि कुछ ही दिनों में वह जगह-जगह से टूट गई और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

समाजसेवी हरेंद्र भाटी ने मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने खुद सड़क की बदहाल स्थिति को देखा और फोटो भी साझा किए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इस सड़क में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, तो प्राधिकरण के अधिकारियों ने उसकी गुणवत्ता की जांच क्यों नहीं की? क्या यह लापरवाही नहीं है?

जब इस संबंध में वर्क सर्किल-4 के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश निम से बात की गई तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। उनका यह जवाब चर्चा का विषय बन गया।


मुख्यमंत्री जहाँ विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को नियमित चेताते हैं, वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी उनके आदेशों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। सरकार के लाखों रुपये बर्बाद हो गए, लेकिन जिम्मेदार अफसरों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह है कि अब इस सड़क की गुणवत्ता की जांच होगी या नहीं यह तो अफसर जाने।

# सरकारी जमीन पर कब्जा तहसीलदार कर रहे हैं लीपापोती

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम बदौली बांगर में खाद के गड्ढे की जमीन जिसकी कीमत करोड़ों रुपए की है उस पर अवैध कब्जा होने के बाद भी जिला प्रशासन के अफसर मामले में लीपापोती करने पर लगे हैं। तहसीलदार सदर प्रतीक सिंह से इस संबंध में कई बार बात की गई लेकिन वह मामले को लेकर टाल-मटोल कर रहे हैं।

बताते चलें कि सन 2000 में बदौली बांगर स्थित खसरा नंबर 407 जो खाद के गड्ढे की जमीन में अंकित है उसको लेकर मामला उस समय के वर्तमान तहसीलदार के न्यायालय में दाखिल किया गया था और न्यायालय ने उस समय आदेश सुनाते हुए जमीन को खाली करने एवं कब्जाधारी पर जुर्माना भी ठोंका था लेकिन समय बीत गया और जैसे ही गांव के एक भूमाफिया ने समय देखा और तत्काल उस पर चार मंजिला की बिल्डिंग खड़ी कर दी। जब इस विषय को लेकर वर्तमान तहसीलदार सदर प्रतीक सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जबकि कई बार इसको लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों से शिकायत भी की थी। स्थानीय पटवारी की मिलीभगत से उक्त भू-माफिया ने खसरा नंबर-407 की करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन पर कब्जा कर उस पर इमारत खड़ी कर दी। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध कब्जे पर बुल्डोजर चलवा रहे हैं।

वहीं एक जिम्मेदार अधिकारी ऐसे मामलों पर लीपापोती करने का काम कर रहे हैं।



न्यायालय :- तहसीलदार न्यायिक
मण्डल :मेरठ , जनपद :गौतम बुद्ध नगर , तहसील :सदर तहसील
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या:- T2017112771012856
वाद संख्या:- 2856/2017
ग्राम सभा बनाम वीर सिंह
उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता - 2006 , अंतर्गत धारा:- 67
अंतिम आदेश "
आदेश तिथि:- 14/01/2020

ग्राम -बादोली बांगर
निर्णय
प्रस्तुत वाद की कार्यवाही हल्का लेखपाल ग्राम बादोली बांगर पर0 दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट धारा 67 दिनांक 03.06.2017 के आधार पर प्रारम्भ की गयी। जिसमे लेखपाल द्वारा प्रस्तुत आख्या में कहा गया है कि वीरसिंह पुत्र खचेडू निवासी ग्राम बादोली बांगर पर0 दनकौर तह0 व जिला गौतमबुद्धनगर द्वारा ग्राम बादोली बांगर के खसरा संख्या 407म रकबा 0.0120हे0 भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त विपक्षी को दिनांक 03.07.2017 को नोटिस आर0सी0प्रपत्र20 जारी किया गया। जो तामिला शामिल मिसल है। प्रषनगत भूमि खसरा संख्या 407म व भू-अभिलेखो में भूमि खाद के गडढे के रूप में दर्ज है।
प्रतिवादी आपत्ति देने के बाद से लगातार अनुपस्थित रहा है। नामिक अधिवक्ता द्वारा ग्राम सभा की और से प्रतिआपत्ति दाखिल कर साक्ष्य पूर्ण कराया गया।
मेरे द्वारा पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया गया। ग्राम सभा की ओर से नामिक विद्वान अधिवकता की तरक सुनने के उपरान्त में इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि प्रतिवादी द्वारा विवादित भूमि मालकाजात खाद के गडढे भूमि दर्ज है जो ग्राम सभा सम्पत्ति है, और विपक्षी का विवादित भूमि पर आज भी अनाधिकार कब्जा बदस्तूर है जिससे विपक्षी को बेदखल किया जाना व क्षतिपूर्ति वसूल किया जाना न्यायोचित है। अतः आदेष हुआ कि
आदेष
प्रतिवादी वीरसिंह पुत्र खचेडू निवासी ग्राम बादोली बांगर पर0 दनकौर तह0 व जिला गौतमबुद्धनगर को ग्राम बादोली बांगर पर0 दनकौर तह0 व जिला गौतमबुद्धनगर की खाद के गडढे के खसरा सं0 407म रकबा 0.0120हे0 पर अनाधिकार कब्जा सिद्ध होने के कारण बेदखल किया जाता है, तथा हर्जाना अंकन 7,30,800/- रु व निष्पादन व्यय 10,000/-रू0 आरोपित किया जाता है। जिसका वसूली हेतु आर0सी0प्रपत्र 21 जारी हो। क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को निर्देषित किया जाता है कि अवैध अतिक्रमण हटवाकर अवगत करायें। पत्रावली वाद आवष्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हों।

असिस्टेन्ट कलेक्टर/
तहसीलदार(न्यायिक)
सदर-गौतमबुद्धनगर।

Disclaimer :
उपरोक्त सूचना मात्र सूचनार्थ है तथा राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (RCCMS) में उपलब्ध अद्यतन सूचना पर आधारित है , इस सूचना की कोई विधिक मान्यता नहीं होगी। वास्तविक सूचना की पुष्टि

# 'चैन से सोना है तो जाग जाओ'




**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में हग्स लाइफ हॉलिस्टिक नशा मुक्ति केन्द्र के प्रबन्ध निदेशक लवलिट पीर, ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर एनएसडी कलाकार वर्धन त्रिवेदी को नशे के विषय में 'पैनल डिसक्शन' में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम की सफल सरंचना की।

वर्धन त्रिवेदी ने अवैध नशे के खिलाफ जंग की लड़ाई पर लम्बे अरसे से कार्य कर रहे लवलिट पीर की बहादुरी की सराहने करते हुए बताया कि 15 अगस्त 2020 को भारत सरकार ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' को भारत का प्रमुख अभियान बताया और नारा दिया, 'चैन से सोना है। तो जाग जाओ और जहाँ नशा हो वहाँ से दूर हो जाओ'।

# बिहार के विकास पुरूष हैं चिराग पासवान : अमरेश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोक जनशक्ति पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमरेश श्रीवास्तव ने अपने एक बयान में कहा कि बिहार में होने जा रहे आगामी विधानसभा चुनाव में इस बार चिराग पासवान का परचम लहराएगा।

उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ऐसे नेता हैं जो समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को सुनते हैं और उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करते हैं। श्रीवास्तव ने बताया कि चिराग पासवान ने 2027 में उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने का मन बनाया है।






उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने 50 वर्षों के शासनकाल में देश को गर्त में ढकेलने का कार्य किया है।

श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं और अब वहां लोक जनशक्ति पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान जब भी बिहार दौरे पर जाते हैं, तो जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते।

उन्होंने कहा कि चिराग पासवान जैसे नेता देश को दिशा देने के लिए जरूरी हैं। उन्होंने चिराग पासवान को 'बिहार के विकास पुरुष' की संज्ञा दी।

# परिवहन आयुक्त से मिले नीरज नवादा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व जिलाधिकारी एवं परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश बी0एन0 सिंह से उनके लखनऊ आवास पर नीरज नवादा ने मुलाकात की।

जिले के वरिष्ठ नागरिकों और नौजवानों के लिए परिवहन संबंधी सुविधाओं को सुगम और सार्थक बनाये जाने हेतु उनके विचारों से स्पष्ट होता है कि नोएडा के प्रति उनका विशेष लगाव है। इस दौरान किसानों के मुद्दों पर भी काफी बातें हुई।

# भारतीय किसान यूनियन की महा पंचायत 30 जुलाई को



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन की दनकौर स्थित जिला कैंप कार्यालय पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 30 जुलाई को एक ऐतिहासिक किसान-मजदूर महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महापंचायत दनकौर स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने अंडरपास पर आयोजित की जाएगी। महापंचायत में किसानों से जुड़ी कई अहम समस्याओं और मांगों को लेकर आवाज़ बुलंद की जाएगी। महापंचायत के मुख्य मुद्दे जेवर एयरपोर्ट के कारण हुए विस्थापन की नीति में संशोधन और परिवारों का समुचित पुनर्वास, प्रभावित किसानों को 10 प्रतिशत भूखंड का आवंटन, किसानों की आबादी के निस्तारण की व्यवस्था, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवज़े की मांग, सर्किल रेट में बढ़ोतरी, शिक्षा, चिकित्सा और रोज़गार के क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार पर रोक, यमुना एक्सप्रेसवे परियोजना में नोएडा से लेकर आगरा तक के किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवज़ा की मांग। यह महापंचायत भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले आयोजित की जाएगी।

# सीटू ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की अपील



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देशभर में मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को रद्द करवाने, न्यूनतम वेतन ?26,000 तय करने, रेहड़ी-पटरी एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर 09 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया गया है।

इसी कड़ी में सीटू जिला कमेटी गौतमबुद्ध नगर ने हड़ताल को सफल बनाने की तैयारियाँ तेज़ कर दी हैं। शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर-8, 9 और 10 स्थित मजदूर बस्तियों में सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा और महासचिव रामसागर के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मजदूरों को जागरूक किया गया।

जन नाट्य मंच के कलाकारों ने 'एका' नाटक का प्रभावशाली मंचन कर श्रमिकों को 9 जुलाई की हड़ताल के महत्व और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस तरह से श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं।

इस मौके पर इंटक नेता डॉ. के.पी. ओझा, संतोष तिवारी, टीयूसीआई नेता उदय चंद्र झा, कांग्रेस नेता शहाबुद्दीन, माकपा नेता हरकिशन सिंह, भीखू प्रसाद समेत बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार श्रमिक विरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# उद्यमी मिलन समारोह आज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय उद्योग संघ (आईआईए) ग्रेटर नोएडा चैप्टर द्वारा आज शाम 3.45 बजे से रॉयल हैबिटेट केंद्र (टिवोली) के सभागार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) दिवस के अवसर पर एक भव्य उद्यमी मिलन समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार, उपायुक्त, जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र होंगे।

समारोह में एमएसएमई ओखला केंद्र से संयुक्त निदेशक डॉ. आर. के. भारती एवं सहायक निदेशक डी. एस. तोमर अपनी दल सहित, इलेक्ट्रॉनिक वित्त से लव चतुर्वेदी तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) से श्री स्वप्निल साहिल (उप महाप्रबंधक) अपनी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। इस विशेष अवसर पर आईआईए के उपाध्यक्ष राजीव बंसल भी उपस्थित रहेंगे और उद्यमियों को मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम के पश्चात जलपान (हाई टी) की भी व्यवस्था की गई है।

# तालाबंदी करेंगे कर्मचारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रम कानूनों और केंद्रीय वेतनमान को लागू कराने तथा गैरक़ानूनी रूप से नौकरी से निकाले गए 17 श्रमिकों की बहाली की मांग को लेकर मैसर्स भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के कर्मचारी 01 से 03 जुलाई तक हड़ताल और कंपनी की तालाबंदी करेंगे।

कर्मचारियों के आंदोलन को किसान सभा गौतमबुद्ध नगर, किसान परिषद और किसान एकता संघ का समर्थन प्राप्त हुआ है। इन संगठनों के पदाधिकारी 23 जून 2025 को बीएचईएल गेट पर आयोजित महापंचायत में शामिल हुए थे और अब उन्होंने श्रमिकों की तीन दिवसीय हड़ताल में सहयोग का ऐलान किया है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# किसान-मज़दूर संघर्ष मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान-मज़दूर संघर्ष मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक ग्रेटर नोएडा स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी हारून ने की। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में 30 जुलाई 2025 को जेवर के साबोता अंडरपास पर ऐतिहासिक महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान ने कहा कि संगठन का तेजी से विस्तार किया जाएगा और सभी जिला मुख्यालयों पर पंचायतें आयोजित की जाएंगी। साथ ही, शीघ्र ही दिल्ली में राष्ट्रीय महापंचायत आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। जहाँ संगठन कमजोर है, वहाँ गाँव स्तर की समितियाँ गठित कर उसे मज़बूत किया जाएगा।

महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया ने कहा कि संगठन में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें जोड़ा जाएगा और शिक्षा, चिकित्सा एवं रोज़गार के मुद्दों को लेकर प्रत्येक जिला मुख्यालय पर महिला महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान-मज़दूरों की समस्याओं का समाधान कराना ही संगठन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर प्रताप नागर, विनय तालान, बालकिशन प्रधान, संजय सिंह, सतेंद्र फौजी, नफीस मेवाती, रविंद्र प्रधान, ऋषि पाल कसाना, संजय कसाना, विनोद मलिक, नासिर प्रधान, आशु अट्टा, पूनम भाटी, निरंजा सिंह, गौफी कोडली, निरंजन सिंह, नीतू गुर्जर, अरुण प्रधान, राहुल चौधरी, राकेश सिंह, लीलू रूपबास, जुल्फिकार तोमर, शिवम तोमर, सरोज भाटी, रीना एडवोकेट, गोलू तंवर, नितिन प्रधान, प्रमोद भाटी, अशोक भाटी, मनोज भगत, विपिन कसाना, विनोद कसाना, हरेंद्र नागर, अतुल चौधरी, अनीश त्यागी, नवीन नागर, उमेश राणा, रामनिवास नागर, राजकुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सस्ती और टिकाऊ खेती के लिए नैनो उर्वरकों का करें उपयोग : डॉ. डी.के. सिंह




**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कॉर्डेट फूलपुर द्वारा विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम हीरामनपुर में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई।

चौपाल को संबोधित करते हुए इफको फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉ. डी.के. सिंह ने उपस्थित कृषकों को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया प्लस एवं सागरिका के उपयोग की विधिवत जानकारी दी। उन्होंने किसानों के अनुभव भी सुने और उनके सवालों का जवाब दिया।

चौपाल में उपस्थित कृषकों अखिलेंद्र, शिवशंकर, अंबिका प्रसाद, तुलसीराम, रंगीलाल एवं लाल बहादुर को एक एक पैक नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी तथा सागरिका तरल वितरित किया गया, जिसे वे अपनी धान की फसल में उपयोग करेंगे। कार्यक्रम में कारडेट-आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह, मुकेश तिवारी, रामेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।


## उत्तर मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्याः AGCTRDT202512 | अनुमानित लागतः रु. 1,90,59,649.00/- |
| कार्य का नामः मथुरा-पलवल सेक्शन की तीसरी और चौथी लाइन में स्वचालित सिग्नलिंग कार्य के लिए 17 एलएससी पर विद्युत एटी कार्य का प्रावधान। | |
| धरोहर राशिः रु. 2,45,300.00/- | कार्य पूर्ण करने की अवधिः 09 माह |

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकता है।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 16.07.2025 को 15:30 बजे तक भरा जा सकता है। 1098/25 (ADM)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, ओ.एंड एफ, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है -

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्याः MECH-ONF-SY-APL-25 | कार्य की अवधि : 12 माह |
| कार्य का नाम : जीएमसी कानपुर और आईसीडी/दादरी में एल्युमीनियम न्यूमेटिक कंप्रेस्ड एयर पाइपलाइन का प्रावधान | |
| कार्य का अनुमानित लागत (रु0 में) : ₹ 3502210.50 | बिड सिक्योरिटी : ₹ 70100 |
| ई निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य | निविदा सिस्टम : सिंगल पैकेट सिस्टम |
| IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि : 24.06.2025 | निविदा बंद होने की तिथि : 17.07.2025 |

नोटः- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगा। 2. ऑनलाइन ई-निविदा केवल IREPS वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा की जा सकती है। 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। 4. न्यूनतम पात्रता मानदंडः इस निविदा में लागू नहीं है। 5. किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1099/25(AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

## खास खबर

### राज कुंद्रा पर लगा ब्लैकमेलिंग का आरोप

**मुम्बई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कुंद्रा पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बडाले ने ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए हैं। बडाले ने इस मामले को लेकर कुंद्रा के खिलाफ लंदन के हाई कोर्ट में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर कुंद्रा ने अपने पर लगे सभी आरोपों को गलत बताया है। रॉयल्स के मालिक बडाले वेंचर कैपिटलिस्ट हैं और लंदन में रहते है। उनकी राजस्थान रॉयल्स में 65 फीसदी हिस्सेदारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बडाले और उनकी कंपनी इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स ने कुंद्रा के खिलाफ कोर्ट में आरोप लगाया है कि उन्होंने 2019 में हुए एक समझौते का उल्लंघन किया है। ये पूरा मामला कुंद्रा के राजस्थान रॉयल्स में पहले की हिस्सेदारी को लेकर है। कोर्ट में मनोज बडाले का पक्ष रखने वाले एडम स्पेकर ने कहा है कि कुंद्रा ने धमकी दी थी कि वह उनके खिलाफ गंभीर आरोपों का खुलासा करेंगे। स्पेकर ने इसे ब्लैकमेलिंग का प्रयास बताया है।

### हेड के कैच को लेकर उठे सवाल

**ब्रिजटाउन ।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां शुरू हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में ट्रेविस हैड के कैच को लेकर विवाद हो गया। वेस्टइंडीज टीम ने हेड के आउट होने की अपील की पर तीसरे अंपायर ने उन्हें नॉटआउट करार दिया। हेड ने कहा कि वह आउट नहीं थे। इस मामले में मैदानी अंपायर ने फैसला टीवी अंपायर पर छोड़ दिया, टीवी अंपायर ने हेड को नॉटआउट करार दिया जबकि इसके वीडियों में वह आउट लग रहे थे। हेड ने इस मैच में शमर जोसेफ की गेंद पर शॉट लगाने का प्रयास किया पर गेंद सीधे ही विकेटकीपर बल्लेबाज शाई होप के हाथों में चली गई। गेंदबाज की अपील पर मैदानी अंपायर नितिन मेनन ने मामला तीसरे अंपायर को सौंप दिया। तीसरे अंपायर ने पाया कि गेंद बल्ले पर आई थी। पहली तस्वीर में जब गेंद नीचे जा रही थी तो विकेटकीपर के दस्ताने उसके नीचे थे। यहां तक कि जब जूम करके देखा गया गेंद के नीचे ग्लव्स नहीं है।

### रिंकू को मिलेगी सरकारी नौकरी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार क्रिकेटर रिंकू सिंह को सरकारी नौकरी देने जा रही है। रिंकू को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) का पद दिया जाएगा। यह नियुक्ति अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 के तहत की जाएगी। इस नीयम के तहतर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को सरकारी पद दिया जाता है। रिंकू की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है और बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय से इसके लिए आदेश भी जारी हो गया है। रिंकू की हाल ही में समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से सगाई हुई है। इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है। राज्य सरकार इसे प्रतिभा का सम्मान बता रही है और कह रही है कि इससे पहले भी कई खिलाड़ियों को इसी नीति के तहत नौकरियां दी गई हैं। वहीं विरोधी दलों का कहना है कि ये नियुक्ति राजनीतिक हित साधने के लिए है।

## ब्रिजटाउन टेस्ट: पहले दिन गिरे 14 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 180 पर ढेर

▸ वेस्टइंडीज भी संकट में

एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 180 रनों पर समेट दिया, लेकिन केंसिंग्टन ओवल की पिच की चुनौती का अंदाजा उसे तब हुआ जब दिन के अंत तक उसने खुद 4 विकेट गंवा दिए। स्टंप्स तक वेस्टइंडीज का स्कोर 57/4 रहा, जहां डेब्यू कर रहे ब्रैंडन किंग 23 रन बनाकर नाबाद हैं।हालांकि किंग के लिए दिन मिश्रित रहा, क्योंकि उन्होंने फील्डिंग में तीन कैच छोड़े, लेकिन अंत में बल्लेबाजी में संभलने की कोशिश की। वेस्टइंडीज के लिए सबसे




प्रभावशाली गेंदबाज शामार जोसेफ रहे, जिन्होंने 46 रन देकर 4 विकेट झटके। वहीं जयडेन सील्स ने 60 रन देकर 5 विकेट लिए, जो कि उनके टेस्ट करियर का तीसरा पांच विकेट हॉल रहा। दिलचस्प बात यह है कि उनके 34 टेस्ट विकेटों में से 17 ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में महज 56.1 ओवर में सिमट गई – यह वेस्टइंडीज की जमीन पर ऑस्ट्रेलिया का सबसे कम स्कोर है जब उन्होंने पहले बल्लेबाजी की हो। ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल तीन बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके – ट्रैविस हेड (59), उस्मान ख्वाजा (47) और कप्तान पैट कमिंस (28)। पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पिच पर तेज गेंदबाजों को जबरदस्त मदद मिली – सीम, स्विंग और कई बार गेंद नीची रही। दिन के कुल 14 विकेटों में से 10 विकेट कैच के जरिए गिरे।ऑस्ट्रेलिया ने पहले घंटे में ही 3 विकेट गंवा दिए थे। मार्नस लाबुशेन की जगह उतरे सैम कॉन्स्टास सिर्फ 3 रन बनाकर जोसेफ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए।जोसेफ ने इसके बाद कैमरून ग्रीन को भी चलता किया, जिन्हें गली में किंग ने जीवनदान देने के बाद स्लिप में आउट कर दिया। ख्वाजा और हेड ने मिलकर पारी को थोड़ा संभाला और लंच के बाद 89 रनों की साझेदारी की। हेड ने 57 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन ख्वाजा 128 गेंदों पर 47 रन बनाकर आउट हुए। जोसेफ ने एक समय 12 ओवर में 4 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को झकझोर दिया। चार साल बाद टेस्ट में वापसी कर रहे विकेटकीपर शाई होप ने चार कैच लपके। उन्होंने जोश इंग्लिस का कैच लेकर अपना खाता खोला। जवाब में वेस्टइंडीज की शुरूआत भी खराब रही। मिचेल स्टार्क ने कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4) और जॉन कैंपबेल (7) को आउट किया। कमिंस ने कीसी कार्टी (20) को पवेलियन भेजा जबकि जोश हेजलवुड ने नाइटवॉचमैन जोमेल वोरिकन को शून्य पर आउट कर दिया। इसके बाद कप्तान रोस्टन चेस और ब्रैंडन किंग ने अंतिम 3.1 ओवर बिना विकेट गंवाए खेल लिए। चेस 1 रन पर नाबाद हैं।

**अब तक का स्कोर**

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी:** 180 ऑलआउट (ट्रैविस हेड 59, ख्वाजा 47; सील्स 5/60, जोसेफ 4/46)

**वेस्टइंडीज पहली पारी:** 57/4 (ब्रैंडन किंग 23, चेस 1; स्टार्क 2/15)

## ओडिशा और पंजाब ने फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**चेन्नई।** मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चल रहे पहले महिला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 में फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी पंजाब ने सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब ब्रॉन्ज मेडल के लिए हॉकी हरियाणा और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु आमने-सामने होंगी। पहले सेमीफाइनल में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 4-1 से हराया। ओडिशा की कप्तान लुसेला एक्का (4, 25)

**महिला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप**



ने दो बेहतरीन फील्ड गोल कर अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। उनके साथ सरिता रोशन मिंज (9) और असीमा संजय मिंज (30) ने भी गोल कर जीत को एकतरफा बना दिया। तमिलनाडु की ओर से एकमात्र गोल सौम्या (34) ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया। दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी पंजाब ने बेहद रोमांचक मुकाबले में हॉकी हरियाणा को 3-2 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। हरियाणा की ओर से सोनिका यादव (11) ने शुरूआती बढ़त दिलाई, लेकिन पंजाब की मीनाक्षी (18) ने पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में निशी शिवेंद्र सिंह (38) ने हरियाणा को दोबारा बढ़त दिलाई, लेकिन पंजाब ने फिर वापसी की। बलजीत कौर मारार (44) ने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया और तीन मिनट बाद संगीता मिंज (47) ने फील्ड गोल कर पंजाब को निर्णायक बढ़त दिला दी। अब 27 जून को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जबकि हॉकी हरियाणा और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु के बीच तीसरे स्थान के लिए भिड़ंत होगी।

## बुमराह को लेकर हमारी नीति नहीं बदली : गंभीर

एजेंसी

**लीड्स।** भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के लेकर उनकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और तय कार्यक्रम के अनुसार उन्हें आराम दिया जाएगा। गंभीर ने कहा पहले टेस्ट में टीम की हार को देखते हुए बुमराह को अधिक मैच खेलने को नहीं कहा जाएगा। इस सीरीज से पहले कहा गया था कि वह तीन टेस्ट खेलेंगे और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। बुमराह ही पहले टेस्ट में पांच विकेट लेकर प्रभावी रहे थे, ऐसे में अटकलें लगायी जा रहीं थीं कि अब उन्हें लगातार खेलने को कहा जा सकता है । गौरतलब है कि



बुमराह अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे हैं और यही वजह है कि उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत टीम प्रबंधन ने उन्हें पांच में से तीन टेस्ट मैचों में खिलाने का फैसला किया था। गंभीर ने कहा कि अब भी ये योजना नहीं बदली है। साथ ही कहा कि हमारे लिए बुमराह का फिट रहना ज्यादा जरुरी है क्योंकि आगे काफी क्रिकेट खेलना है और हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। सीरीज शुरू होने से पहले ही यह तय कर दिया गया था कि वह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे और यही होगा। दूसरा टेस्ट मैच बर्मिंघम में दो जुलाई से शुरू होगा लेकिन गंभीर ने कहा कि टीम ने अभी तक यह फैसला नहीं किया है कि पांच मैचों की सीरीज में बुमराह अब किन दो मैचों में खेलेंगे। उन्होंने कहा, ह्यहमने अभी तय नहीं किया है कि वह कौन से दो अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे। उनके बिना भी हमारे पास काफी अच्छे गेंदबाज हैं जिनकी क्षमताओं पर भी हमें भरोसा है।

## बोटाफोगो के अनुभवी डिफेंडर बास्टोस फीफा क्लब वर्ल्ड कप से बाहर

एजेंसी

**फिलाडेल्फिया।** अनुभवी डिफेंडर बास्टोस को घुटने की पुरानी चोट दोबारा उभरने के कारण बोटाफोगो की फीफा क्लब वर्ल्ड कप टीम से बाहर कर दिया गया है। ब्राजीलियन क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी।34 वर्षीय अंगोला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बास्टोस ने सोमवार को एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ 1-0 से मिली हार में बतौर अनयूज्ड सब्स्टीट्यूट टीम में जगह बनाई थी। वह फरवरी से चोट के कारण बाहर थे, लेकिन हाल ही में फिट होकर टीम में लौटे थे। हालांकि मैच के बाद उन्होंने घुटने में फिर से तकलीफ की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए ब्राजील भेजा जा रहा है।बोटाफोगो ने ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया है और अब




वह शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 मुकाबले में अपने ब्राजीलियन प्रतिद्वंदी पल्मेरास से भिड़ेगा। बास्टोस, जिन्हें अंगोला के लिए 58 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अनुभव है, ने 2023 में अल-अहली से बोटाफोगो में शामिल होने के बाद क्लब के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 60 मैच खेले हैं। वह उस बोटाफोगो टीम का हिस्सा रहे हैं जिसने पिछले साल कोपा लिबटार्डोरेस (दक्षिण अमेरिका की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता) और ब्राजीलियाई सेरी ए का खिताब जीता था।

## सूर्यकुमार की हुई सर्जरी

**म्यूनिख ।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की स्पोर्ट्स हर्निया के लिए जर्मनी के म्यूनिख शहर में सर्जरी हुई है। सूर्यकुमार पिछले कुछ समय से इसके कारण दर्द से परेशान थे। इसी कारण उन्होंने टी20 क्रिकेट के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले सर्जरी कराना ही सही समझा। सूर्यकुमार का इलाज जर्मनी के म्यूनिख में हुआ। स्पोर्ट्स हर्निया से वे परेशान थे, इसी लिए आईपीएल 2025 समाप्त होने के बाद वह सर्जरी के लिए वहां गये। इसकी सर्जरी सफल रही जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में आई हैं। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया में अस्पताल की एक तस्वीर जारी करते हुए कहा कि वह अब सर्जरी से उबरने की प्रक्रिया में हैं। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया में अस्पताल की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाहिने हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी सफल रही जिसके बाद अब मैं ठीक हो रहा हूं और बेसब्री से वापस आने का इंतजार कर रहा हूं।

## हॉकी का संग्राम 17 से 22 जुलाई तक

▸ विभिन्न राज्यो की 12 महिला टीमें करेंगी शिरकत

एजेंसी

**झांसी।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की भूमि झांसी में आगामी 17 से 22 जुलाई तक मेजर ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय आमंत्रण प्राइजमनी महिला हॉकी प्रतियोगिता को लेकर तैयारियों का दौर तेज हो गया है। देश भर से हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने आ रहीं 12 टीमों के स्वागत के लिए झांसी तैयार है। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।बैठक में क्षेत्रीय



क्रीड़ाधिकारी सुरेश बोनकर ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश एवं हॉकी इंडिया, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप इस छह दिवसीय प्रतियोगिता में देश की 12 प्रमुख महिला हॉकी टीमें भाग लेंगी। इनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई, साई छात्रावास सोनीपत, एमपी एकेडमी ग्वालियर, साई नेशनल सेंटर फॉर एक्सीलेंस कोलकाता, साई स्पोर्ट्स हॉस्टल रांची, साई हॉस्टल भोपाल, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, हॉकी कर्नाटक बेंगलुरु, स्टील प्लांट भिलाई, स्पोर्ट्स हॉस्टल राउरकेला, यूपी हॉकी आदि प्रमुख टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीम को दो लाख, उपविजेता को एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को पचास हजार नकदी देकर सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि महिला खिलाडियों के ठहरने के लिए अच्छे होटलों में व्यवस्था कराई जाए। आवासीय स्थल से स्टेडियम तक आवागमन के लिए बसें उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस व्यवस्था, नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, चिकित्सा विभाग द्वारा डॉक्टरों और एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, हॉकी झांसी के सचिव सुबोध खाण्डेकर, ओलंपिक संघ मंडल संयोजक संजीव सरावगी, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मो. इब्राहिम खान, कोच अंकुर राणा और वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी विकास वेंदया भी उपस्थित रहे।

## नासिर हुसैन ने शुभमन की कप्तानी पर उठाये सवाल

एजेंसी

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल पर सवाल उठाये हैं। हुसैन ने कहा कि जिस प्रकार की बात विराट कोहली और रोहित शर्मा की कप्तानी में थी। वो बात शुभमन में नहीं दिखी। इसी कारण टीम पांच शतक लगाने के बाद भी हार गयी। उन्होंने ये भी कहा कि गिल की कप्तानी में नियंत्रण की कमी नजर आयी। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि उन्हें इस बात पर हैरानी हुई कि शुभमन या किसी भी सीनियर खिलाड़ी ने खुरदरी पिच को लेकर स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से बात नहीं की। उन्होंने कहा,




जडेजा से एक बार भी बात नहीं की, शायद एक युवा कप्तान के रूप में संभव नहीं था कि वे अनुभवी स्पिनर के पास जाएं और कहें कि रफ (खुरदरी पिच) है वहां किस प्रकार की गेंदबाजी की जाये। नासिर ने कहा कि भारतीय टीम को हार्दिक पांड्या जैसे ऑलराउंडर की भी खिलाड़ी की जरूरत है, जो तेज गेंदबाजी करे और रन भी बनाए। टीम प्रबंधन ने इंग्लैंड में नितीश कुमार रेड्डी पर भरोसा किया पर शामिल किया शार्दुल ठाकुर को पर इसका लाभ टीम को नहीं मिला। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, स्लिप कॉर्डन और कैचिंग खराब थी, कुछ ऐसा जो भारत ने पिछले दो या तीन सालों में अच्छा किया है। यह मुझे चिंतित करता है, क्योंकि भारत के पास स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ एक निचला क्रम है और पिछले एक दशक से शानदार रहा है। इंग्लैंड में अभी भी, मुझे लगता है भारतीय टीम उस तेज गेंदबाज ऑलराउंडर की तलाश कर रहे हैं जो गेंदबाजी और बल्लेबाजों दोनो में कुशल हो।

## टी20 विश्वकप फाइनल में विराट नहीं अक्षर की पारी से पलटा मैच : रोहित

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टी20 टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि विश्वकप फाइनल में विराट कोहली ने काफी अच्छी पारी खेली थी पर मैच को पलटने में अक्षर पटेल की अहम भूमिका रही है। भारतीय टीम ने पिछले साल हुए टी20 विश्वकप खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 11 साल के बाद खिताब जीता था। रोहित ने विश्वकप फाइनल को लेकर, ह्यबहुत से लोग अक्षर पटेल की पारी के बारे में बात नहीं करते पर मेरा मानना है कि अक्षर की 31 गेंदों पर 47 रनों की पारी से ही




मैच भारतीय टीम के पाले में आया। रोहित ने इस मैच में एक छोर संभाले रखने के लिए विराट की भी प्रशंसा की। रोहित ने कहा, हमें एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत थी जो विकेट पर टिका रहे। विराट ने उस काम को काफी अच्छे से निभाया। विराट की ठोस बल्लेबाजी के कारण ही शिवम, अक्षर, हार्दिक को तेजी से खेलने का अवसर मिला। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए थे। इसमें विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाये। वहीं अक्षर पटेल ने 31 गेंद में 47 और शिवम दूबे ने 16 गेंद में 27 रन बनाए थे। इन तीनों के अलावा भारत का कोई भी बल्लेबाज दो अंकों तक नहीं पहुंच पाया था। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन ही बना पायी थी।

## जिम्बाब्वे महिला टीम पहली बार खेलेगी आईसीसी महिला चैंपियनशिप

▸ न्यूजीलैंड दौरे से होगा आगाज

▸ जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जताया गर्व

▸ तीन वनडे मैच 5, 8 और 11 मार्च को डुनेडिन में खेले जाएंगे

एजेंसी

**हरारे।** जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम इतिहास रचने के लिए तैयार है। पहली बार आईसीसी महिला चैंपियनशिप में हिस्सा लेने जा रही जिम्बाब्वे की टीम अगले साल फरवरी-मार्च 2026 में न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां वह तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच



खेलेगी। यह मुकाबले जिम्बाब्वे की महिला चैंपियनशिप में आधिकारिक शुरूआत होंगे। तीन वनडे मैच 5, 8 और 11 मार्च को डुनेडिन में खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों टीमों के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 25 फरवरी, 27 फरवरी और 1 मार्च को हैमिल्टन में होंगे। यह टी20 मुकाबले भी दोनों टीमों के बीच पहले आधिकारिक महिला टी20 मुकाबले होंगे। आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 चक्र में जिम्बाब्वे की टीम को कुल आठ श्रृंखलाएं खेलनी हैं–चार घर में और चार विदेश में। जिम्बाब्वे घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी, जबकि विदेशी दौरे भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के होंगे। यह चैंपियनशिप 2029 में होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मुख्य रास्ता है। 2025-29 का यह चक्र आईसीसी महिला चैंपियनशिप का चौथा संस्करण है। जिम्बाब्वे की इस प्रतियोगिता में एंट्री के बाद अब इसमें 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं। अब तक जिम्बाब्वे महिला टीम ने छह टीमों के खिलाफ वनडे मुकाबले खेले हैं, जिनमें से बांग्लादेश, आयरलैंड और पाकिस्तान आईसीसी के पूर्ण सदस्य हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) के प्रबंध निदेशक गिवेमोर माकोनी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, श्यह हमारे लिए गर्व और रोमांच का क्षण है कि जिम्बाब्वे महिला टीम अब वैश्विक स्तर पर शीर्ष क्रिकेट में कदम रख रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी महिला क्रिकेट कितनी आगे बढ़ी है और यह हमारे विजन और निवेश की भी पुष्टि करता है।श्

जिम्बाब्वे के शामिल होने के साथ ही महिला चैंपियनशिप में अब आईसीसी के 12 में से 11 पूर्ण सदस्य देश हिस्सा ले रहे हैं। केवल अफगानिस्तान इस प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं है, जहां अगस्त 2021 में तालिबान शासन के आने के बाद महिला क्रिकेट कार्यक्रम को बंद कर दिया गया था।



अमेरिका में फीफा क्लब विश्वकप में खेलते हुए उरावा रेड डायमंड व सीएफ मोंटेरी क्लब के खिलाड़ी।

# विकलांगता भी बाधा नहीं...



**द्वार दया का जब तू खोले, पंचम सुर में गूंगा बोले, अंधा देखे, लंगड़ा चल कर पहुंचे काशी रे।**

अर्थात् हे प्रभु जब तेरी दया का द्वार खुलता है तो गूंगा भी पंचम स्वर में बोलने या गाने लगता है, अंधा देखने लगता है और एक लंगड़ा व्यक्ति भी चलकर काशी जा पहुंचता है। कहने का तात्पर्य ये है कि जब प्रभु की दया का द्वार खुलता है तो असंभव भी संभव हो जाता है। कैसे खुलता है उस प्रभु की दया का द्वार? कहां है हम पर ऐसी कृपा करने वाला वह ईश्वर? हम पर ऐसी कृपा करने वाला वह ईश्वर वास्तव में हमारे अंदर ही विराजमान है। वह हमारी इच्छाशक्ति से ही जाग्रत होता है। उसकी कृपा का द्वार हमारी इच्छाशक्ति की खटखटाहट से ही खुलता है। सगुण-साकार अथवा निर्गुण-निराकार प्रभु की प्रार्थना करके हम अपनी असीमित सुप्त मानसिक शक्तियों को ही जगाते हैं। यह अपने विश्वास को पुष्ट करने का ही एक मार्ग है। वास्तव में सकारात्मक दृष्टिकोण से उत्पन्न सात्त्विक इच्छाओं का चयन करके हम अपने जीवन में हर खुशी प्राप्त कर सकते हैं। उत्कृष्ट इच्छाशक्ति द्वारा हम असंभव से लगने वाले कार्यों को करने में सक्षम हो जाते हैं। कुछ ऐसी ही उत्कृष्ट इच्छाशक्ति थी विल्मा रुडोल्फ नामक एक पोलियोग्रस्त बालिका में जो विश्व पटल पर तेज धाविका के रूप में अपना नाम अंकित करवाना चाहती थी। वर्ष 1960 में इटली की राजधानी रोम में होने वाले ओलंपिक खेलों पर सारे विश्व की निगाहें टिकी हुई थीं क्योंकि इन ओलम्पिक खेलों में विल्मा रुडोल्फ भी भाग ले रही थी।

## बच्चे को ऐसे बनाएं स्मार्ट...



**आप** अपने बच्चे को स्मार्ट बनाना चाहती हैं? तो यह काम अब मजाक-मजाक में ही हो जाएगा। हाल की स्टडी में यह बात सामने आई है कि बच्चों से दोस्ताना व्यवहार उनके दिमागी विकास में काफी कारगर है। आपका रोजाना का हंसी मजाक आपके बच्चे को तेज दिमाग बना सकता है। स्टडी में यह पता चला कि बच्चों से हंसी-मजाक करने से बच्चे को दिमाग विकसित होता है वो धीरे-धीरे मजाक और डांट में फर्क समझने लग जाते हैं। एक बार फर्क समझ आने के बाद वो पैरेंट्स के बिहेवियर में फर्क को भी समझना शुरू कर देते हैं। बच्चों के लिए खेल बहुत जरूरी होता है। खेल बच्चे के दिमागी विकास में बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। जो पैरेंट्स बच्चों के साथ नाटक और जोक करते हैं वो अपने बच्चों के दिमाग में जल्द विकास देखते हैं। क्योंकि वो बच्चे मजाक और सच्चाई में फर्क समझने में सक्षम हो जाते हैं। इन सबके साथ यह जानना भी जरूरी है कि आप किस तरह के जोक अपने बच्चे से करते हैं। थोड़ा अलग और क्रिएटिव पैरेंट बनिए और अपने बच्चे को इंटेलिजेंट बनाइए। मजाक-मजाक में अपने बच्चों को वो चीजें सिखाइए जो वो सीखने से कतराता हो।

## लाड़ली को सिखाएं ये बातें...



**पैरेंट्स** होने के नाते बच्चों को बेहतर इंसान बनाना आपका फर्ज है। इस समय में बच्चों को खुद की सुरक्षा के प्रति सजग रहना सिखाना सबसे जरूरी है। खासकर लड़कियों के मामले में। अपनी मासूम बेटी को बढ़ती उम्र में उसकी जिंदगी और बाहर की दुनिया के बारे में जरूरी सीख देना बेहतर पेरेंटिंग का हिस्सा है। आजकल लड़कियों के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं इस बारे में उससे खुल कर बात करें और जरूरी लगे तो उसे सेल्फ प्रोटेक्शन के लिए ट्रेनिंग भी दिलवाएं। अपनी बेटी को स्वाभिमानी बनाएं। उसे यह बताना बहुत जरूरी है कि वह जैसी है सबसे बेहतर है। स्वाभिमान उसमें आत्मविश्वास जगाएगा। बेटी को यह जरूर सीखाएं की अपने काम किसी और पर न थोंपे। जितना हो सके खुद अपने आप पर निर्भर बने। उसे अपने पैरों पर खड़े होने की अहमियत समझाए ताकि आगे चलकर उसे किसी तरह की परेशानी न हो।

## ...तो बच्चा बनेगा जीनियस



**अगर** आपका बच्चा मुश्किल से स्कूल से कोई सबक याद कर पाता है तो चिंता की बात नहीं है, आप अपने बच्चे को टोस्ट, कॉफी और स्वादिष्ट रोल में दालचीनी खिला कर उसके सीखने की क्षमता में सुधार कर सकती हैं। भारतीय मूल के एक शोधकर्ता के नेतृत्व में चूहों पर हुए एक अध्ययन के अनुसार, दालचीनी के सेवन से कमजोर स्मृति वाले चूहों में बेहतर और सामान्य स्मृति वाले चूहों में अच्छे स्मृति स्तर देखने को मिले। अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कालीपद पहान के मुताबिक कमजोर छात्रों को बेहतर छात्र बनाने के लिए यह सबसे सुरक्षित और आसान तरीका हो सकता है।



एक वक्त था, जब लोग सिर्फ सफेद बालों को छुपाने के लिए बालों को रंगते थे, लेकिन आजकल बालों को अलग-अलग रंग कराना फैशन बन गया है। हर कोई अपने लुक को बदलने के लिए अलग-अलग तरह के कलर करवा रहे हैं। कुछ लोग महंगे सलून में जाकर हेयर कलर करवाते हैं, कुछ लोग घर पर ही कलर करते हैं, लेकिन आपने कभी सोचा है कि गलत तरीके से बालों को कलर करना बालों को नुकसान पहुंचा सकता है।

# हेयर कलर कराते समय न करें गलतियां...

**बालों** में कलर करने का चलन पिछले कुछ सालों में तेजी के साथ बढ़ा है। एक आंकड़े के मुताबिक करीब 75 फीसदी महिलाएं अपने बालों में रंग कराती हैं। आजकल बालों को कलर करने के लिए बाजार में बहुत सारे शेड मिलते हैं, जैसे, सेमी परमानेंट और परमानेंट हेयर कलर। सेमी परमानेंट कलर कुछ समय बाद बालों को शैंपू करने से निकल जाता है। वहीं दूसरी तरफ परमानेंट हेयर कलर कुछ हफ्तों तक आराम से चलता है। आप वहीं कलर चुनें जो आपकी स्किन टोन पर सही लगता हो। कितनी महिलाएं हैं जो अपने बालों को कलर करवाती हैं। कई को यह पता ही नहीं होता कि कौन-सा कलर उन पर जमेगा, बाल कलर करने के लिए क्या करना चाहिए, बाल कलर कराने के क्या-क्या फायदे-नुकसान हैं, किन बातों का ध्यान रखें इत्यादि।

बालों को कलर कराना आज का स्टाइल स्टेटमेंट बन गया है। आज महिलाएं बालों पर नए-नए प्रयोग करने से भी नहीं चूकतीं, लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। जरा-सी लापरवाही से आप अपने अच्छे बालों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बालों को कलर करवाने से पहले आपको एलर्जी का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि कई बार कुछ कलर या डाई बालों को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में यदि आपको अमोनियायुक्त डाई सूट न करें तो आप प्रोटीनयुक्त डाई का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसके लिए आप हेयर एक्सपर्ट या ब्यूटी पार्लर में जाकर परामर्श ले सकती हैं।

## व्यक्तित्व का ध्यान रखें

हेयर कलर करवाने वालों को बाद में त्वचा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जैसे बालों की कोमलता जाने का डर, बाल जल्दी सफेद होना इत्यादि। हेयर कलर में मिला अधिक अमोनिया बालों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। हेयर कलर कई तरह के हो सकते हैं जैसे बरगंडी, डार्क ब्राउन, रेड कलर, नेचुरल, गोल्ड, चॉकलेट, चेरी ब्राउन, रेड इत्यादि। कलर का चयन करते समय आप अपने व्यक्तित्व का ध्यान जरूर रखें। बालों को घर पर ही कलर कर रही हैं तो हाथों में दस्तानों का प्रयोग जरूर करें और आंखों का खासतौर पर ध्यान रखें। डाई के किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव से बचने के लिए आपको पहली बार किसी अनुभवी व्यक्ति से ही बाल कलर करवाना चाहिए। बालों को कलर करने से पहले उन्हें पहले धोकर सुखा लें और बालों को कंघी के एक सिरे से उठाते हुए कलर करें। यदि आप खुद बालों को कलर करती हैं तो उसके बाद बालों में शैंपू और कंडीसनर करना न भूलें। हेयर स्पा और सीरम ट्रीटमेंट तो किसी अनुभवी व्यक्ति से ही करवाना चाहिए। यदि आप पहली बार घर पर ही बालों को कलर कर रही हैं तो बालों को डाई करने वाले पैकेट पर लिखे दिशा-निर्देशों को सावधानी से पढ़ लें।

## क्वॉलिटी पर दें ध्यान

आमतौर पर हेयर कलर बालों में चमक लाने, नया लुक पाने, सफेद बालों की परेशानी को दूर करने, बालों को पहले से बेहतर बनाने और बालों में जान डालने के लिए किया जाता है। ऐसे में जरूरी है कि हेयर कलर हमेशा अच्छी क्वॉलिटी का ही प्रयोग करें। यदि आप घुंघराले बालों को स्ट्रेट कराना चाहती हैं तो कलर करवाने के 15-20 दिनों के बाद ही ऐसा करवाएं। एक साथ दोनों काम कराने पर बालों पर केमिकल का दबाव अधिक पड़ता है। इससे बाल खराब हो सकते हैं। यदि आप व्यस्त दिनचर्या वाली हैं तो आपको हल्के हेयर कलर का ही इस्तेमाल करना चाहिए। यह आपके बालों को अधिक नुकसान नहीं पहुंचने देगा। बालों पर कलर करवाने के लिए विश्वस्त तथा गुणवत्तापूर्ण पार्लर को ही चुनें। यदि आपको किसी तरह की एलर्जी, डैंड्रफ या अन्य तकलीफ है, तो कलर करवाने से बचें। सोच-समझकर डाई करवाएं क्योंकि एक बार रंग चढ़ने के बाद उसे उतारने में बालों को नुकसान होता है। इससे बाल टूटते और झड़ते भी हैं।

## दो मुंहे बाल



कलर करवाने से पहले दो मुंहे बाल चेक करें, और इन्हें ट्रिम करवा लें। हेयर कलर करने से दो मुंहे बाल रूखे दिखाई देते हैं। कलर करवाने से पहले अपने बालों को एक रात पहले ही धो लें। ज्यादा साफ और गंदे बाल, दोनों ही चीजें हेयर कलर का सही शेड छुपा सकते हैं।

## हैड मसाज



कलर करवाने से 3 दिन पहले बालों में गुनगुने तेल से मालिश करें, इससे कलर अच्छी तरह से चढ़ेगा। अगर आप घर पर ही अपने बालों को रंगने वाली हैं तो अमोनिया, कोलतार और लेड जैसे कैमिकल वाले कलर से बालों को डाई न करें क्योंकि इससे बाल खराब हो सकते हैं।

## बाद में क्या करें

कलर करवाने के बाद बालों को 48 घंटों तक शैम्पू से न धोएं, जिससे कलर अच्छी तरह से बालों में समा जाए। जब भी बाल धोएं तो ऐसे शैंपू का इस्तेमाल करें जो कलर वाले बालों के लिए बनाया गया हो। बालों को धूप की किरणें काफी नुकसान करती हैं इसीलिए धूप में जाते वक्त बालों को ढ़क कर रखें।



## कैसे पानी से धोएं बाल

बालों को धोने के लिए हल्के गरम या ठंडे पानी का ही प्रयोग करें क्योंकि बहुत ज्यादा गरम पानी बालों का रंग उड़ा सकता है। कलर करवाने के हर 2 हफ्ते बाद बालों को प्रोफेशनल हेयर स्पा ट्रीटमेंट दें। इससे बालों में नमी बरकरार रहेगी और कलर भी वैसे का वैसा ही बना रहेगा।

## कुछ समय धूप से बचाएं

जब बालों को कलर करवाया हो तो कुछ समय तक सिर पर कपड़ा रख कर चले। कलर बालों को कुछ समय तक धूप से बचाने के लिए बाहर जाते समय सर पर कपड़ा रख कर चले।

## कैसे पहचाने रिएक्शन को

हेयर डाई से होने वाला एलर्जिक रिएक्शन मामूली असर वाला या फिर गंभीर दोनों हो सकता है। बालों में कलर करने के बाद यदि आपको सिर की त्वचा में मामूली जलन या सनसनाहट महसूस होती है तो यह एलर्जी की शुरुआत होती है। यदि कलर करने के बाद आपके माथे, कान, गर्दन के पीछे सूजन और आंखों में जलन की शिकायत होती है तो यह एलर्जी का गंभीर मामला होता है। आप को तुरंत डाक्टर को दिखाना चाहिए।



## ऐसे बचें एलर्जी से

कुछ सावधानी बरत कर हेयर डाई से हो सकने वाले नुकसान से बच सकते हैं। ऐसा करने से आपके सिर के बाल ज्यादा समय तक ठीक रहेंगे। जब भी आप किसी नए ब्रांड को इस्तेमाल करें तो पहले उसके बारे में अच्छे से जानकारी कर लें। ऐसा देखा गया है कि कई बार कुछ लोग कलर बदलने से एलर्जी का शिकार हुए हैं। कोशिश करें कि आप लगातार एक ही अच्छा ब्रांड उपयोग करें। एलर्जिक अटैक से बचने के लिए पैच टेस्ट अच्छा उपाय है। पैच टेस्ट, किसी प्रोडक्ट के प्रति आपकी त्वचा की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसके साथ ही आपको एलर्जिक रिएक्शन से भी बचाता है। हेयर डाई का मिश्रण बनाते समय लेबल पर दिए गए निर्देशों को पढ़ लें। कान के पीछे का हिस्सा सबसे ज्यादा संवेदनशील होता है। यह किसी भी प्रकार के एलर्जिक रिएक्शन के लक्षणों को तुरंत दिखाता है। आप रुई के टुकड़े को हेयर डाई के मिश्रण में डुबाकर कान के पीछे लगा लें। इसे 10 घंटे तक लगाकर रखने से आप एलर्जी के प्रकोप से बचे रहेंगे।यदि आप हेयर डाई को निर्धारित समय से ज्यादा लगाकर रखते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। यदि आपको एलर्जिक रिएक्शन होने का खतरा लगता है तो किसी भी परेशानी से बचने के लिए पानी की धार से अपने बालों को धो लें। इससे हेयर कलर आपके बालों से साफ हो जाएगा।

## इन बातों का भी रखें ध्यान

- महिलाएं कई बार आप फैशन में आकर बालों को कलर तो करवा लेती हैं, लेकिन बाद में उनका कलर बड़ी जल्दी फेड हो जाता है। उन्हें लगता है कि यह ब्यूटीशियन की गलती है। इसलिए कलर करवाने से पहले आप कुछ बातों को जान लें।
- बालों में लंबे समय तक कलर को बनाएं रखने के लिए आप कलर प्रोटेक्टिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते समय शैंपू या कंडीशनर का इस्तेमाल करना बंद करना पड़ेगा।
- 1 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर में आधा कप पानी मिला लें और बालों को धो लें। इससे आपके बालों में लगा कलर और भी अधिक गहरा हो जाएगा।
- बालों को बार-बार ना धोएं, ऐसा करने से बालों का कलर निकल जाता है। बालों के रंग को लंबे समय तक टिकाने के लिए आप कम से कम शैम्पू करें।
- बालों की माह में एक बार डीप कंडीशनिंग करें और प्रत्येक शैम्पू के बाद कंडीशनर का उपयोग करें।
- बालों को कलर करवाने के लिए जरूरी है कि आप 4-5 महीने पहले बालों में मेहंदी न लगाएं।
- कलरिंग के बाद डैंड्रफ शैंपू के प्रयोग से परहेज करें। दरअसल, डैंड्रफ शैंपू में मौजूद केमिकल्स बालों से कलर उड़ा सकते हैं।
- हफ्ते में एक बार बालों में तेल लगाएं। बाल सुखाने के लिए ड्रायर का प्रयोग नहीं करें।
- हेयर प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट जरूर चेक कर लें, नहीं तो बालों पर इसके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।



# पैरों की सेहत का रखें ध्यान



पैर हमारे लिए क्या कुछ नहीं सहते। ऐसे में पैरों की सही देखभाल करना हमारा दायित्व बनता है। जानिए कैसे हम अपने पैरों की सही तरीके से देखभाल कर सकते हैं। हमारे हाथों की तुलना में पैरों की त्वचा अधिक मोटी होती है जिसकी रोजाना देखभाल नहीं करने से यह समय के साथ गंदी हो जाती है। अनेक लोगों को फटी एड़ियों की समस्या का सामना करना पड़ता है जो लम्बे वक्त में पैरों के स्वास्थ्य पर ध्यान न देने के कारण होती है।

**माइश्चराईजिंग:** हमारे पैरों की डेड त्वचा सेल्स को एक्सफॉलिएटेड करने की जरूरत होती है और नियमित माइश्चराईजिंग त्वचा को सूखने से बचाने के लिए महत्त्वपूर्ण है अन्यथा पैरों में बिवाईयां फट सकती हैं जिनमें खून भी आ सकता है। आपके पैरों की माइश्चराईजिंग चेहरे की देखभाल जैसी महत्वपूर्ण है। हर बार स्नान के वक्त पैरों को अच्छी तरह धोने या स्क्रब करने की आदत डालें। इससे आपके पैरों की केयर आसान हो जाती है।

**चलने का स्टाइल:** पैरों की त्वचा के साथ फ्रिक्शन की संभावना ज्यादा होती है जिसके लिये सही तरीके से फिट न होने वाले जूते या चलने का गलत स्टाईल जिम्मेदार होता है। पैर के तलुवे पर एक ही बिन्दु पर लगातार दबाव पड़ने से कॉर्न और कॉलस विकसित हो जाते हैं त्वचा कड़ी हो जाती है और बाद में इसमें दर्द हो सकता है।

**प्यूमिस स्टोन से स्क्रब:** झांवा पत्थर यानी प्युमिस स्टोन से पैरों की स्क्रबिंग करना डेड सेल्स को हटा सकता है और पैरों में समस्याएं उत्पन्न होने की रोकथाम में मदद करता है। प्युमिस स्टोन या फुट स्क्रब से स्क्रबिंग करके कार्न्स और कॉलसेज से बचाव करें यह डेड त्वचा को हटाने में मददगार है जो बाद में कड़ी और मोटी होना शुरू हो जाती है और चलने-फिरने के समय दर्द उत्पन्न करती है।

## तलुवों की देखभाल

पैरों के तलुवों को मुलायम रखने के लिये इनमें कोई ऑयल ग्लैंड्स नहीं होतीं इसलिए किसी क्रीम को नियमित लगाने का रूटीन बनाना जरूरी है। यदि आपके पैर अत्यंत सूखे हैं और त्वचा कटी-फटी है तो रात में सोने जाने के वक्त किसी हैवी ड्यूटी मॉइश्चराईजर या पेट्रोलियम जेली का अच्छी तरह प्रयोग करें और बेहतर अवशोषण के लिये इसे कॉटन सॉक्स से कवर करें।

## जूते हों सही

सही तरह से फिट आने वाले जूते पहनें क्योंकि ढीला या ज्यादा कसा जूता आपके पैरों को सही तरह से सहारा न देकर काफी नुकसान पहुंचा सकता है। नये जूतों की खरीदारी दोपहर के काफी बाद या शाम के वक्त करें क्योंकि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि दिन के दौरान हमारे पैरों में कुछ सूजन आ जाती है।

## हाइजीन का ध्यान

हमारे पैरों में फंगल इंफेक्शन होने की आशंका ज्यादा होती है और इससे बचाव के लिए हाइजीन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। पैरों को कभी भी गीला नहीं रखना चाहिए इन्हें अच्छी तरह से खासकर अंगूठों के बीच की जगह को सुखा लेना चाहिए। पैरों के नाखून नेल कटर की सहायता से सही तरह से काटने चाहिये। पैर दर्द करते हैं तो आप इन्हें सी सॉल्ट मिले गुनगुने पानी में डुबो सकते हैं। इससे दर्द से राहत मिलती है। अपने पैरों को रिलैक्स करने के लिये आप हाथों से हल्के गूंधते हुए तलुवों की मसाज कर सकते हैं। हल्के से हाथों को घुमाने और सॉफ्ट मसाज से आपके पैरों को रिलैक्स होने में मदद मिलती है।

# सक्सैस के लिए परफेक्शन-पैशन जरूरी

*तेजी से बदलते जमाने और टेक्नोलॉजी के इस दौर में अपनी जगह व पहचान बनाने के लिए अपनी पसंद के क्षेत्र में पैशन होना बेहद जरूरी है, तभी आप परफेक्शन के साथ अपने टास्क पूरे करते हुए कामयाबी की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। जानिए अपनी रुचि के क्षेत्र में पैशन होना क्यों है जरूरी है...*

अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे पैशन बनाकर आगे बढ़ने वाले कभी भी भटकाव या दुविधा के शिकार नहीं होते। दरअसल, अपनी रुचि के क्षेत्र में पूरी तरह डूबकर ही वे अपनी मंजिल को आसान बना पाते हैं। जो दूसरों को देखकर उनकी राह का अनुकरण करने का प्रयास करते हैं, वे अपने भीतर छिपे गुणों को देख नहीं पाते। यही कारण है कि वे अपने मन की राह पर चलने की बजाय भटकाव के चौराहे पर पहुंच जाते हैं। जहां पहुंच कर उन्हें यह सूझता ही नहीं कि अब किस राह पर वे आगे बढ़ें।

## सेल्फ एनालिसिस

दूसरों की तरफ देखने की बजाय सबसे पहले तो आप यह देखें कि आपको क्या अच्छा लगता है, आपकी रुचियां किस तरह की हैं, किस तरह के काम करने में आपको मजा आता है और क्या करना अच्छा नहीं लगता? इस प्रक्रिया में आपको अपनी रुचि का क्षेत्र जानने-समझने में सहायता मिल सकती है। एक बार अपने मन का क्षेत्र चुन लेने के बाद आप उस पर कदम आगे बढ़ाएं। इसके लिए जरूरी कोर्स करें या ट्रेनिंग हासिल करें। थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल पर भी जोर दें। सिर्फ किताबी बातों की बजाय आज के समय की व्यावहारिक बातों और इंडस्ट्री में प्रचलित तकनीकों को जानें-समझें। जो कुछ भी सीखें, उसमें पूरी तरह डूबें। लापरवाही या आधे-अधूरे मन से आप कभी कुछ नहीं सीख सकते। अगर अपने को परफेक्ट बनाना चाहते हैं, तो सीखने में जी-जान लगा दें। इसके बाद आप खुद देखेंगे कि कोई चीज सीख लेने के बाद आपका कॉन्फिडेंस कितना बढ़ता है। इस तरह से आगे बढ़ने पर आपको कभी काम नहीं ढूंढ़ना पड़ेगा, बल्कि इसके उलट काम आपके पीछे-पीछे चलेगा। हुनर के पारखी लोग आपको बुलाकर नौकरी देंगे।

# अब फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी



'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया?

क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला?

श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया। श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।

### बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।



# फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की।**

अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आई, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के पहले सीजन में नजर आईं, जिसकी वह विजेता भी रहीं। 'फेमिना मिस इंडिया' और 'झलक दिखला जा 2' को भी होस्ट कर चुकी हैं।

टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री कीं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आईं। मोना सिंह साल 2012 में फोर्ब्स इंडिया की 100 सेलिब्रिटी की लिस्ट में भी शामिल हो चुकी हैं।



# टीवी की दुनिया ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया

रूपाली गांगुली लगभग पांच साल से सीरियल 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह सीरियल आम महिलाओं की समस्याओं को भी अपनी कहानी के जरिए दिखाता है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश भी देता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रुपाली गांगुली ने अपने टीवी सीरियल में काम करने के अनुभव, यहां के माहौल के बारे में बात की। हाल ही में जूम को दिए गए इंटरव्यू में रुपाली गांगुली कहती हैं, 'टीवी जैसी कोई और इंडस्ट्री हो ही नहीं सकती है। यह एक अच्छी जगह है। यहां आपको काबिलियत पर काम मिलता है। मैं आज भी ऑडिशन देती हूं। लेकिन इस इंडस्ट्री ने महिलाओं को बहुत सम्मान दिया है। महिला कलाकारों को यहां रानियों की तरफ ट्रीट किया जाता है।

### फिल्मों के बुरे अनुभव भी बताए

टीवी की तारीफ करने के अलावा रुपाली गांगुली ने यह भी बताया कि उन्होंने फिल्मों में काम करना क्यों छोड़ा। वह बताती हैं, 'कई लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना किया है। आज तो महिलाएं इस बारे में बात कर रही हैं, उस वक्त बात नहीं होती थी। यही बड़ी वजह रही कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री को छोड़ दिया।

# जेलर 2 को लेकर आई बड़ी जानकारी

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।



# पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं

मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं। ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी। इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी। नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- 'इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है। ये एक भावना है। 'महाशक्ति' सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है। सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो हर दर्शक पर अपना असर छोड़ेगी। मैं इस भव्य यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं'। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और मेकर्स जल्द ही इसकी रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। इस फिल्म को भारत समेत कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा, जिससे ये एक पैन-इंडिया ब्लॉकबस्टर बनने की पूरी संभावना है। फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी।





# प्रभास ने मुफ्त में किया कन्नप्पा में कैमियो? विष्णु मांचू ने किया खुलासा

विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें प्रभास के कैमियो और उनके किरदार के बारे में खास चर्चा हुई थी। वहीं, अब प्रभास के किरदार से जुड़ी बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### फ्री में प्रभास ने किया काम

साउथ सुपरस्टार प्रभास ने विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म कन्नप्पा में अपने दमदार कैमियो के लिए एक भी रुपये नहीं लिया। फिल्म में अभिनेता रुद्र की पौराणिक भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में एक्स पर चैटिंग सेशन के दौरान एक यूजर ने विष्णु मांचू से पूछा, क्या प्रभास सर फ्री में एक्टिंग करते हैं? क्या यह सच है? इस पर विष्णु मांचू ने हां कहकर इसकी पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन उनका सकारात्मक जवाब प्रभास के प्रशंसकों को खुश करने के लिए काफी था।

### प्रभास ने तुरंत किरदार के लिए कह दी थी हां

विष्णु मांचू ने यह भी बताया कि प्रभास को कन्नप्पा में रुद्र की भूमिका स्वीकार करने में बस कुछ ही मिनट लगे। अभिनेता ने कहा, उन्हें यह बेहद पसंद आया। कन्नप्पा में बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार भी भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी की बात करें तो रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य भूमिका निभाने वाले विष्णु मांचू युद्ध की कठोर वास्तविकताओं का सामना करने के बाद भगवान शिव के एक उत्साही भक्त बन जाएंगे।

### फिल्म की शूटिंग और निर्माण

फिल्म में काजल अग्रवाल देवी पार्वती की भूमिका में होंगी और मोहनलाल किराता की भूमिका में नजर आएंगे। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है।





# मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह, कार्तिक ने उड़ाया मजाक

बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह?

वीडियो की शुरूआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।

### करण ने कार्तिक की फिल्म का उड़ाया मजाक


आगे करण जौहर कार्तिक पर मजाकिया लहजे में सख्त होते हुए 2023 में आई कार्तिक की फ्लॉप फिल्म 'शहजादा' पर तंज कसते हुए कहते हैं, ओह मिस्टर कैजादा। जिस पर कार्तिक कहते हैं, जोक शहजादा पर बनता है, उस पर होना चाहिए। इस पर करण जौहर कहते हैं, उस पर कुछ नहीं बनता है।

### करण-कार्तिक के बीच हो गई थी अनबन

कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच तब रिश्तों में तल्खियां आने की खबरें सामने आई थीं जब 2021 में कार्तिक आर्यन को करण जौहर की फिल्म 'दोस्ताना 2' से बाहर कर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन बाद में कार्तिक को हटा दिया गया था। जिसके बाद इन दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया था।

### करण की फिल्म में नजर आएंगे कार्तिक

2023 में कार्तिक आर्यन के जन्मदिन के मौके पर करण जौहर ने कार्तिक के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करके दोनों के बीच फिर से दोस्ती हो जाने का संकेत दिया था। करण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता के साथ एक फिल्म की घोषणा की थी। जिसके बाद दोनों के बीच की अनबन पूरी तरह से खत्म हो गई है। अब दोनों 2025 के आईफा अवॉर्ड्स को भी होस्ट करते दिखेंगे।



# रणबीर कपूर के साथ फिल्म में काम करना चाहती हैं मावरा हुसैन

पिछले महीने पर्दे पर फिर से रिलीज हुई सनम तेरी कसम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। नए फिल्मों से मुकाबला होने के बावजूद यह रोमांटिक ड्रामा फिर से दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म में मावरा हुसैन ने हर्षवर्धन राणे के साथ मुख्य भूमिका निभाई है। माहिरा हुसैन होकेन ने हाल ही में रणबीर कपूर के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने व्यक्त किया कि वह उनके साथ रॉकस्टार का हिस्सा बनना पसंद करतीं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में मावरा हुसैन से पूछा गया कि वह रणबीर कपूर के साथ किस तरह की फिल्में करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं रॉकस्टार करना पसंद करती। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसे उन्होंने कई बार देखा है।



# 1 जुलाई से मिक्स वेस्ट देने पर लगेगा जुर्माना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे देश में प्रथम स्थान लाने के लिए गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण ने होटल, रेस्टोरेंट और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। ये सभी बल्क वेस्ट जनरेटर है। प्राधिकरण ने कहा कि आगामी 4 दिन सेग्रीगेशन का अभ्यास करें। 1 जुलाई 2025 के बाद कचरा संग्रह करने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा चयनित एजेंसी परिसर से मिक्स कूड़ा नहीं उठाएगा। साथ ही मिक्स कूड़ा देने वाले पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

होटल, रेस्टोरेन्ट, आडब्ल्यूए एओए, स्कूल, हॉस्पिटल एवं मार्केट इत्यादि से 100 किग्रा से अधिक कचरा निकलता है तो वह बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आते है। वे बल्क वेस्ट जनरेटर्स के मानकों के अनुसार उनको अपने परिसर में कम्पोस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगाना अनिवार्य है।

नोएडा में रोजाना 300 टीपीडी तक कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन वेस्ट को प्रोसेस करता है। इसके अलावा यदि आपको अपने इलाके के पास सीएडंडी वेस्ट मिलता है। उसकी सूचना प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 18008919657 पर दे सकते है।

नोएडा प्राणिकरण द्वारा प्रत्येक साल स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग किया जाता है। विगत सालों में नोएडा ने स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी अच्छी रैंक प्राप्त की है। साल 2018 में नोएडा की रैंक 324 रही और साल 2019 में रैंक में सुधार लाकर यह रैंक 150वीं हो गई। नोएडा को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। 2019 में नौएडा को गारबेंज फ्री सिटी केटेगरी में 3 स्टार रैंकिंग, ओडीएफप्लासप्लस मिला।

# भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे बनाई जाए पार्किंग

## विधायक के सामने नोवरा संस्था ने रखी मांग

**नॉएडा ( चेतना मंच )।** नॉएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन (नोवरा) द्वारा नॉएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह के सामने भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे भंगेल एवं सलारपुर में पार्किंग बनाने की मांग रखी।



इस दौरान संस्था के अध्यक्ष रंजन तोमर कहा की भंगेल एलिवेटेड रोड अगले माह शुरू होने की खबरें आई, ग्रामीणों और संस्था की मांग पर उनके माध्यम से बनवाये गए इस भव्य एलिवेटेड रोड से कई गाँवों का फ़ायदा होगा और शहर को भीषण जाम से निजात मिलेगी, किन्तु भंगेल और सलारपुर साथ ही बरोला जैसी प्रमुख ग्रामीण मार्केटों में पिछले चार साल से व्यापारियों को भारी नुक्सान हुआ है, और खरीदार पार्किंग न होने की वजह से यहाँ आना छोड़ चुका है, इस लिए नॉएडा प्राधिकरण द्वारा अधिकृत पार्किंग एलिवेटेड रोड के नीचे बनवाई जाए, पहले सीईओ रही श्रीमती ऋतू माहेश्वरी अथवा आज के सीईओ डॉ. लोकेश एम् से भी इस विषय संस्था की बात हो चुकी है।

इस दौरान भंगेल निवासी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित त्यागी ने भी भंगेल और सलारपुर में पार्किंग की आवश्यकता से अवगत करवाया , उन्होंने कहा की भंगेल में रोड के बनने से बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। , उन्होंने कहा की भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे टूटे हुए रोड को भी प्राधिकरण जल्द दुरुस्त करे।

विधायक पंकज सिंह ने कहा की वह इस बाबत जल्द ही प्राधिकरण को निर्देश देंगे और भंगेल में पार्किंग समेत अन्य सभी सुविधाओं के लिए भी सीईओ से बात करेंगे। इस दौरान नोवरा महासचिव पुनीत राणा भी उपस्थित रहे।

# सेक्टर–55 वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ हो रहा था अमानवीय व्यवहार

## महिला आयोग की सदस्य ने मारा औचक छापा, सील करने के दिए निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ मिनाक्षी भराला ने प्राप्त शिकायत के आधार पर आनंद निकेतन वृद्ध



सेवा आश्रम सी–5, सेक्टर 55 नोएडा का औचक निरीक्षण किया। इस वृद्धाश्रम की



संचालिका नीलिमा मिश्रा हैं।

औचक निरीक्षण में पाया गया कि वृद्धजनों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है तथा समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर उनका उपचार नहीं किया जाता है और आश्रम में वृद्धजनों के लिए मूलभूत सुविधा बिल्कुल सही नहीं थी, वृद्धजनों द्वारा विरोध करने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और न ही किसी भी वृद्धि को पहने के लिए कपड़े दिए जाते हैं। वहां रहने वालों ने बताया कि 2.5 लाख रूपये डोनेशन तथा 20000 रूपये सिक्योरिटी एवं प्रत्येक माह 10 से 12 हजार रुपए वसूलते हैं।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बताया कि यह वृद्ध आश्रम को किसी भी प्रकार की शासन या प्रशासन द्वारा स्वीकृत नहीं दी गई है। यह वृद्ध आश्रम पूर्ण रूप से अवैध है। उन्होंने बताया कि आश्रम में कुल 42 वृद्धजन निवास करते पाए, जिनमें से 3 वृद्धजनों को 27 जून 2025 को समाज कल्याण द्वारा संचालित ओल्ड ऐज होम में शिफ्ट किया जाएगा। बाकि वृद्धजनों को आगामी 5 दिनों में अन्य वृद्ध आश्रम, जिन्हें शासन द्वारा स्वीकृति मिली है उन वृद्ध आश्रमों में शिफ्ट किया जाएगा।

महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि वृद्धजनों को शिफ्ट करने उपरांत इस अवैध वृद्ध आश्रम को प्रशासन के सहयोग से सील करा दिया जाएगा। औचक निरीक्षण के दौरान एसीपी मनीषा, जिला, महिला थाना अध्यक्ष संदीपा चौधरी, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला



प्रोबेशन विभाग के संबंधित अधिकारीगण भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, महानगर महामंत्री उमेश त्यागी उपस्थित रहे।

# नए डीएलसी से मिले एनईए के पदाधिकारी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** एन0ई0ए0 के एक प्रतिनिधिमण्डल ने वरि0 उपाध्यक्ष राकेश कोहली के नेतृत्व में नवनियुक्त उप श्रम आयुक्त राकेश त्रिवेदी से सैक्टर–03, नौएडा स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की तथा पौधा देकर उनका गौतमबुद्धनगर में उप श्रम आयुक्त का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी ।

उप श्रम आयुक्त राकेश त्रिवेदी ने अवगत कराया कि उप श्रमायुक्त कार्यालय हेतु सूरजपुर, ग्रेटर नौएडा में जमीन आवंटित हो गई है जिसमें शीघ्र ही भवन निमार्ण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

राकेश कोहली ने राकेश त्रिवेदी की जनपद गौतमबुद्ध नगर में नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए उनसे अपेक्षा की कि आपके कुशल नेतृत्व एंव वृहत अनुभव से नौएडा में उद्यमियों एंव विभागीय अधिकारियों के मध्य मधुर संबध स्थापित होगें तथा श्रम विभाग से संबधित समस्याओं का समाधान होगा।

प्रतिनिधिमण्डल में एनईए के वरि0 उपाध्यक्ष राकेश कोहली, सचिव विरेन्द्र नरूला के साथ कुलवीर विर्क, हिमाशु अरोड़ा शामिल थे।

# नशे के खिलाफ प्रशासन ने छेड़ा अभियान

## स्कूल–कॉलेज में होगी चेकिंग, कॉलेजों को देना होगा शपथ–पत्र : एडीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में अवैध नशे की गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं युवा




पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक बनाने के लिए कोर्डिनेशन सेंटर के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने कहा कि आज के समय में सबसे बडी चुनौती युवाओं को नशे से बचाना है, इसके लिए जनपद में नशा मुक्ति अभियान संचालित करते हुये युवाओं को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के श्रोतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं, आरडब्ल्यूए सोसाइटी, स्वंयसेवी संस्थाओं का अधिक से अधिक सहयोग लेते हुये व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाये।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों का अधिकारियों से कहा कि वह पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में संचालित छात्रावास एवं पीजी में औचक रूप से निरीक्षण करें कि वहां पर कोई भी नशे की एक गतिविधियां संचालित न हो। साथ ही उनमें रहने वाले छात्रों को भी नशे के विरुद्ध जागरूक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जब भी जनपद के सभी स्कूलों एवं कॉलेजों से शपथ पत्र ले कि उनका कैंपस पूरी तरह नशा मुक्ति है और ऐसा शपथ पत्र देने वाले स्कूल/कॉलेजों को सम्मानित भी किया जाए।

बैठक में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ डा. श्वेता खुराना, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेक्टर–20 के सी ब्लाक मार्केट में अतिक्रमण







**नोएडा ( चेतना मंच )।** विभिन्न सेक्टर में आवासीय भूखंडों तथा आवासीय पफ्लैटों की तरह अब सेक्टर में स्थित नोएडा प्राधिकरण के मार्केट में भी आक्रमणकारी काबिज होते जा रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्राधिकरण की मार्केट में दुकानदारों ने अपनी दुकान से दोगुना तथा तीन गुना तक अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया है। हालत यह हैकि मार्केट में लोगों के आने–जाने के लिए छोड़े गए गलियारे भी अतिक्रमण की चपेट में आ गए है।

इसी कड़ी में सेक्टर–20 के सी ब्लॉक स्थित मार्केट का भी कमोबेश यही हाल है। सेक्टर के



निवासियों तथा आरडब्ल्यूए के कई पदाधिकारी की माने तो सेक्टर–20 के सी ब्लॉक में स्थित मार्केट में तो अतिक्रमण की इंतहा हो गई है। दुकानदारों ने कई फीट आगे दुकानों को बढ़ा दिया है तथा कुछ लोगों ने तो बाकायदा पक्का निर्माण भी कर लिया है। आज स्थिति यह है कि आवंटन के समय मौजूद क्षेत्रफल को बढ़ाकर दुकानदारों ने तीन गुना तक कर लिया है जिसके कारण मार्केट में आने जाने वालों को भी दिक्कत होती है। ऐसा नहीं की नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों के उसकी जानकारी नहीं है लेकिन वह भी न जाने किस दवाब में आंखें मूंदे अतिक्रमण को मौन समर्थन दे रहे हैं।

इस संबंध में जब नोएडा प्राधिकरण के संबंधित एक अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे निरीक्षण करवा कर जांच करवाएंगे यदि कोई दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा जरूरत पड़ी तो अतिक्रमण को ध्वस्त भी किया जाएगा।

